www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:47 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-69 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-1 रूपये ● शुक्रवार 14 नवंबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## बिहार चुनाव एग्जिट पोल 2025: एनडीए की वापसी के संकेत, महागठबंधन पीछे

### 11 में से 10 सर्वे एजेंसियों ने दिया बढ़त का अनुमान, बिहार चुनाव और तरनतारन उपचुनाव के नतीजे आज

**समर न्यूज | पटना/ मोहाली**

बिहार विधानसभा चुनाव के मतदान समाप्त होने के बाद आए एग्जिट पोल के परिणामों ने राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है। ज्यादातर सर्वे एजेंसियों ने राज्य में एक बार फिर नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार बनने की संभावना जताई है, जबकि महागठबंधन दूसरे स्थान पर दिखाई दे रहा है। 11 प्रमुख एजेंसियों में से 10 ने एनडीए को स्पष्ट रूप से आगे बताया है। वास्तविक नतीजे 14 नवंबर को चुनाव आयोग द्वारा घोषित किए जाएंगे, लेकिन एग्ज़िट पोल के रुझानों ने राजनीतिक समीकरणों की दिशा तय कर दी है। एग्ज़िट पोल मतदान केंद्र से बाहर निकलते वक्त मतदाताओं से पूछे गए सवालों पर आधारित सर्वे होते हैं, जिनका उद्देश्य यह समझना होता है कि किस वर्ग ने किस पार्टी का समर्थन किया और उसकी वजह क्या थी। कई बार यह नतीजे वास्तविक चुनाव परिणामों से मेल नहीं खाते, फिर भी यह जनभावना की एक बड़ी तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

बिहार चुनाव 2025 के एग्ज़िट पोल में एनडीए को अधिकांश क्षेत्रों में बढ़त मिलती दिख रही है। कई एजेंसियों ने एनडीए को 130 से 170 के बीच सीटें देने का अनुमान लगाया है, जबकि एक सर्वे पोल डायरी ने गठबंधन को 184 से 209 सीटों के बीच तक पहुंचते दिखाया है। वहीं महागठबंधन को अधिकतर एजेंसियों ने 70 से 115 सीटों के बीच अनुमानित किया है। सबसे कम अनुमान पोल डायरी ने ही दिया है, जिसमें महागठबंधन को सिर्फ 32 से 49 सीटें मिलने की बात कही गई है। कुछ सर्वे यह भी बता रहे हैं कि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का प्रभाव बेहद सीमित रहेगा और उन्हें 0 से 5 सीटों तक ही मिल सकती हैं।

इस चुनाव में एनडीए का सबसे बड़ा आधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दो दशक से अधिक का प्रशासनिक अनुभव माना जा रहा है। विकास योजनाओं, सड़क-बिजली-स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को एनडीए ने अपनी प्रमुख उपलब्धियों के रूप में पेश किया। दूसरी ओर महागठबंधन ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई और सरकारी भर्तियों में जारी अनियमितताओं को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में लाखों सरकारी नौकरियों का वादा, महिलाओं को मासिक सहायता, स्वयं सहायता समूहों की ब्याज माफी और पेपर लीक रोकने के लिए कड़े कानून की घोषणा की थी।

क्षेत्रवार रुझानों की बात करें तो एनडीए लगभग हर इलाके में बढ़त बनाते हुए दिखाई दे रहा है। हालांकि सीमांचल क्षेत्र महागठबंधन का पारंपरिक गढ़ माना जाता है और यहां कुछ सर्वेक्षणों में महागठबंधन को एनडीए से बेहतर स्थिति में बताया गया है। उदाहरण के लिए, Axis My India ने सीमांचल में महागठबंधन को 15 सीटें और एनडीए को 8 सीटें मिलते हुए दर्शाया है। इस चुनाव का एक दिलचस्प पहलू यह है कि सीटों में बढ़त एनडीए को मिलती दिख रही है, लेकिन मुख्यमंत्री पद के लिए जनता की पहली पसंद आरजेडी नेता तेजस्वी यादव हैं।



### तरनतारन विधानसभा उपचुनाव नतीजों से पहले बढ़ी उम्मीदवारों की धड़कनें...

*तरनतारन विधानसभा क्षेत्र में 11 नवंबर को हुए उपचुनाव के नतीजे आज घोषित किए जाएंगे। मतगणना का समय नजदीक आते ही सभी दलों के उम्मीदवारों की धड़कनें तेज हो गई हैं। कुल 15 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज खुलने वाले बैलेट बॉक्स और ईवीएम से होगा। चुनाव में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल, भाजपा और कई निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस बार मुकाबला बेहद कड़ा रहा है। राजनीतिक चर्चाओं में आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधू, कांग्रेस के करणबीर सिंह बुर्ज, अकाली दल (वारिस पंजाब दे) के मनदीप सिंह खालसा और भाजपा के हरजीत सिंह के बीच कड़ा मुकाबला है। जनमानस में आम आदमी पार्टी को बढ़त मिलने की चर्चा जरूर रही है, लेकिन अंतिम फैसला आज होने वाली मतगणना के बाद ही सामने आएगा। रिटर्निंग ऑफिसर गुरमीत सिंह ने बताया कि मतगणना आज 14 नवंबर सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना का कार्य इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, तरनतारन में किया जाएगा।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### कोरिया में ट्रक ने यात्रियों को रौंदा

**बुचियोन|** दक्षिण कोरिया के बुचियोन शहर में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां एक ट्रक ने पैदल चल रहे लोगों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और 60 वर्षीय ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

### USA ने जांच एजेंसियों की सराहना की

**वाशिंगटन|** लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट को लेकर अमेरिका ने स्पष्ट रूप से इसे आतंकवादी हमला बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की जांच एजेंसियों की पेशेवर और सावधान जांच प्रक्रिया की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने सहयोग की पेशकश की है, लेकिन भारत इस जांच को खुद संभालने में पूरी तरह सक्षम है। G-7 बैठक के दौरान रुबियो और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बीच इस घटना पर चर्चा हुई। प्रारंभिक जांच में इस हमले के तार पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े होने के संकेत मिले हैं।

### हॉर्न बजाने पर गुस्सा कार सवार ने मारी टक्कर

**बेंगलुरु|** बेंगलुरु में एमएस रमैया अस्पताल के पास एक दंपती और उनके बच्चे को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक सुक्रथ ने हॉर्न बजाने पर नाराज होकर स्कूटर सवारों को जानबूझकर टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। टक्कर से महिला को सिर, हाथ और कंधे में गंभीर चोटें आईं, जबकि पुरुष की पसलियां घायल हो गईं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उस पर लापरवाही से वाहन चलाने और घटनास्थल से फरार होने सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### सिटीजन रिपोर्टर

***अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।***

## रूस में एमबीबीएस कर रहे अलवर के छात्र का शव 8 दिन बाद भी नहीं लौटा

### पुतिन जी जरा नजरें इनायत इधर भी: दूतावास से जवाब नहीं

**समर न्यूज | अलवर**

रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे राजस्थान के अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ उपखंड के कफनवाड़ा गांव निवासी अजीत चौधरी का शव मिलने के आठ दिन बाद भी भारत नहीं पहुंच पाया है। इस लापरवाही और देरी को लेकर परिवार ही नहीं, पूरा कस्बा आक्रोशित है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि रूस में अब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है, जबकि भारतीय दूतावास की तरफ से भी कोई स्पष्ट या संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा रही। तीसरे वर्ष का छात्र अजीत चौधरी रूस के ऊफा शहर स्थित बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। वह 19 अक्टूबर को अचानक लापता हो गया था। अगले दिन कॉलेज कैंपस से लगभग तीन किलोमीटर दूर नदी किनारे उसके कपड़े मिले थे। इसके बाद लगातार 19 दिन तक उसकी खोजबीन चलती रही, और आखिरकार उसका शव बरामद हुआ।

लेकिन शव मिलने के बाद भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी। परिजनों का कहना है कि रूस के अधिकारियों ने अब तक मृतक का पोस्टमार्टम कराने में कोई तत्परता नहीं दिखाई, जबकि यह औपचारिकता शव को भारत भेजने के लिए आवश्यक है।

### लक्ष्मणगढ़ में बाजार, स्कूल-कॉलेज बंद, परिवार का धरना जारी...



*शव को भारत लाने में हो रही देरी से नाराज परिवार और ग्रामीणों ने लक्ष्मणगढ़ कस्बे में गुरुवार सुबह 11 बजे से भगत सिंह सर्किल पर धरना शुरू कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण न बने, इसके लिए पुलिस बल तैनात किया गया। धरने के समर्थन में लक्ष्मणगढ़ के स्कूल, कॉलेज और पूरा बाजार बंद रखा गया। परिजनों का कहना है कि जब तक अजीत का शव भारत नहीं लाया जाता, धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। दोपहर बाद ग्रामीणों ने रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपने की योजना भी बनाई।*

**▪ 'अच्छे रिश्ते कहां? हमारे बेटे का शव तक नहीं पहुंचा- परिजन...**

*अजीत के चाचा राजेंद्र चौधरी और भोम सिंह ने सरकारों से कड़ा सवाल पूछा है। राजेंद्र चौधरी का कहना है—"शव मिलने के सात दिन बीत गए। न रूस में पोस्टमार्टम हुआ, न दूतावास ने कोई ठोस जवाब दिया। हमारे मंत्री क्या कर रहे हैं? हमारे बेटे का शव कब आएगा?" उन्होंने कहा कि पहले कहा गया कि शव नहीं मिल रहा, लेकिन अब जब शव मिल चुका है तो भी प्रक्रिया में देरी हो रही है। उनका आरोप है कि सरकार की उदासीनता से आमजन में गुस्सा बढ़ता जा रहा है।*

*भोम सिंह ने भी भारत-रूस संबंधों पर प्रश्न उठाते हुए कहा, कहा जाता है कि दोनों देशों के रिश्ते बहुत मजबूत हैं, लेकिन हमारा बेटा आठ दिन बाद भी घर नहीं पहुंच पाया। अगर यही 'अच्छे संबंध' हैं तो फिर आम लोगों को क्या उम्मीद रखनी चाहिए?*

**▪ शव लाने का पूरा खर्च पंचायत उठाएगी : प्रधान...**

*लक्ष्मणगढ़ के प्रधान जाकिन ने कहा कि छात्र के शव को भारत लाने में जो भी खर्च आएगा, उसे पंचायत स्वयं वहन करेगी। उन्होंने बताया कि रूस के अधिकारियों से इस संबंध में बातचीत भी की गई है।*

**▪ सरकार से गुहार**

*राजेंद्र चौधरी ने सर्व समाज से अपील करते हुए कहा कि यह मामला केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि हर उस भारतीय परिवार का दर्द है जो अपने बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भेजते हैं। उन्होंने कहा "आज हम पर यह दुख आया है, कल किसी और पर भी आ सकता है। इसलिए सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर अजीत का पार्थिव शरीर भारत लाना चाहिए, ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। परिजनों ने कहा आसपास के गांवों में भी रोष है। सरकार अब भी नहीं समझेगी तो आंदोलन बड़ा हो सकता है।*

## पंजाब में ड्राइविंग टेस्ट देना हुआ महंगा

### ▪ ट्रांसपोर्ट विभाग ने प्रशासनिक और तकनीकी खर्चों में बढ़ाई फीस

**अक्षय जाधव | मोहाली**
**समर न्यूज**



पंजाब सरकार के ट्रांसपोर्ट विभाग ने ड्राइविंग टेस्ट की फीस में बढ़ोतरी करते हुए नई दरें लागू कर दी हैं। अब ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट देने के लिए आवेदकों को 35 रुपये की जगह 62 रुपये अदा करने होंगे। विभाग के अनुसार, यह बदलाव प्रशासनिक और तकनीकी खर्चों में बढ़ोतरी को देखते हुए किया गया है। पहले पोस्ट फीस 35 रुपये निर्धारित थी, जिसे अब 27 रुपये बढ़ाकर 62 रुपये कर दिया गया है। संशोधित शुल्क पूरे राज्य में एक साथ लागू हो गया है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि लागत बढ़ने के कारण इस बदलाव पर लंबे समय से विचार चल रहा था। डिजिटल प्रोसेसिंग, दस्तावेज़ तैयार करने और तकनीकी सिस्टम को बनाए रखने में होने वाले खर्च को देखते हुए फीस संशोधित की गई। हालाँकि, आम लोगों के बीच इस फैसले को लेकर नाराज़गी भी देखने को मिल रही है। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वालों का कहना है कि पहले ही पेट्रोल-डीज़ल और वाहन रखरखाव के खर्चे बढ़ रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त फीस जनता पर बोझ बढ़ाएगी। सुविधा केंद्र में आए एक आवेदक ने कहा कि विभाग को सुविधाएँ बेहतर करनी चाहिए, न कि आम लोगों की जेब पर और भार डालना चाहिए। अगर फीस बढ़ रही है, तो सेवाओं में सुधार भी दिखाई देना चाहिए। वहीं ट्रांसपोर्ट विभाग के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि नई फीस से टेस्ट प्रक्रिया और डिजिटल सिस्टम को और मजबूत किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और सेवा गुणवत्ता में सुधार आएगा। नई दरें तुरंत प्रभाव से लागू हो चुकी हैं और अब ड्राइविंग टेस्ट देने वालों को 62 रुपये शुल्क देना अनिवार्य होगा।

**▪ केंद्र सरकार का फैसला : परिवहन मंत्री...**

*समर एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए बढ़ी हुई फीस के मुद्दे पर ट्रांसपोर्ट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार ने लाइसेंस से संबंधित किसी भी शुल्क में वृद्धि नहीं की है। उनका कहना है कि बदलाव केवल स्पीड पोस्ट शुल्क में किया गया है, और यह निर्णय केंद्र सरकार द्वारा लिया गया है।*

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के जंगल से 6 हैंड ग्रेनेड बरामद

**कुपवाड़ा|** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान तंगधार सेक्टर के जाबरी जंगल क्षेत्र से 6 हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई। सूचना थी कि जाबरी के घने जंगल में आतंकियों का ठिकाना सक्रिय हो सकता है। इसके आधार पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया और तलाशी के दौरान घास-झाड़ियों के बीच छुपाए गए 6 ग्रेनेड बरामद हुए। किसी भी तरह की आकस्मिक घटना से बचने के लिए बम निरोधक दस्ता मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने बेहद सावधानी के साथ सभी ग्रेनेडों को वहीं पर नष्ट कर दिया। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि कुपवाड़ा में हथियारों और विस्फोटकों का लगातार पकड़ा जाना इस बात की ओर संकेत है कि क्षेत्र में शांति बाधित करने की कोशिशें अभी भी जारी हैं।

## यूपी में सड़क किनारे मिला 30 वर्षीय महिला का नग्न शव

### रेप के बाद हत्या की आशंका, इलाके में दहशत और आक्रोश

**एजेंसी | हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक बार फिर महिला से जुड़ा गंभीर अपराध सामने आया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के मौदहा–बसवारी मार्ग पर रमना गांव के नजदीक वीरवार सुबह एक 30 वर्षीय महिला का नग्न शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने सड़क किनारे कुछ हलचल देखी तो जिज्ञासावश पास पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि कुत्ते एक महिला के शव को नोंच रहे थे। यह भयावह दृश्य देखकर लोग दहशत में आ गए और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलने पर मौदहा पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। प्रारंभिक छानबीन में शव से कुछ दूरी पर सड़क पर दो स्थानों पर भारी मात्रा में खून पाया गया। इससे यह संदेह गहरा हो गया है कि या तो महिला की हत्या किसी अन्य जगह कर शव यहां लाकर फेंका गया, या फिर वारदात इसी स्थान पर की गई है। नग्नावस्था में शव का मिलना और आसपास खून के निशान मिलने से पुलिस को आशंका है कि महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या की गई होगी। मौके की स्थिति इसे बल देती है, हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण और घटना की प्रकृति की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाकर जांच कराई जा रही है। हर पहलू पर बारीकी से साक्ष्य तलाशे जा रहे हैं ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके।



घटनास्थल से मृतका से संबंधित कोई पहचान पत्र या सामान बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पादरी बाजिंदर को जेल भिजवाने वाली महिला का पति बरी

**चंडीगढ़|** पादरी बाजिंदर को जेल भिजवाने वाली महिला के पति को चंडीगढ़ जिला अदालत ने बड़ी राहत देते हुए गैंगरेप के तीन साल पुराने मामले में बरी कर दिया है। अदालत ने इस मामले में आरोपी बनाए गए दो अन्य व्यक्तियों को भी सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। यह मामला वर्ष 2022 का है, जब सेक्टर-49 पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर तीन पुरुषों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और देह व्यापार के लिए मजबूर करने के आरोपों में मामला दर्ज किया था। हालांकि मुकदमे के दौरान शिकायतकर्ता महिला ने अदालत में अपने बयान वापस ले लिए। उसने गवाही के दौरान कई बार अपनी बात बदली और आरोपों का समर्थन करने वाला कोई भी ठोस सबूत पेश नहीं किया गया। इसके चलते अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

बरी हुए मुख्य आरोपी ने अदालत से बाहर कहा कि उसकी पत्नी ने पहले पादरी बाजिंदर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद बाजिंदर को जेल भी भेजा गया था। उसका आरोप है कि बाजिंदर और उसके साथियों ने बदले की भावना से उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज करवाया था, जिसमें उसे गलत तरीके से फंसाया गया।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** अंबाला में मोबाइल स्नेचिंग का खुलासा, मोहब्बत ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

## गर्लफ्रेंड को गिफ्ट देना था, इसलिए बन गए चोर

**समर न्यूज | अंबाला**

मोहब्बत इंसान से क्या-क्या करवा देती है, अंबाला कैंट में सामने आया यह मामला इसकी ताजा मिसाल है। हरियाणा पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग की एक ऐसी वारदात का खुलासा किया है, जिसे अंजाम देने के पीछे वजह थी गर्लफ्रेंड को मोबाइल गिफ्ट करने की चाहत। मोहब्बत में तोहफा देने की चाह ने इन युवकों को अपराध की राह दिखा दी—पर न तो गिफ्ट ले सके और न प्यार साबित हुआ बल्कि हवालात की हवा जरूर मिल गई।



पंजाब के खेलां कलां गांव के दो युवा नवप्रीत और गौरव अपनी प्रेमिका को सरप्राइज देने के लिए चोरी की राह पर चल पड़े। पुलिस के अनुसार, दोनों ने पहले से मोबाइल छीनने की योजना बनाई थी, ताकि फोन बेचकर मिले पैसों से गर्लफ्रेंड के लिए नया स्मार्टफोन खरीदा जा सके। लेकिन उनकी 'मोहब्बत की स्कीम' मौके पर ही फेल हो गई।

घटना अंबाला कैंट की है, जहां दोनों आरोपियों ने एक युवक से मोबाइल झपटकर भागने की कोशिश की। लेकिन हाय रे किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। तकदीर ने साथ नहीं दिया और पीड़ित युवक ने हिम्मत दिखाते हुए दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। यही नहीं बेखौफ होकर वो इन चोर मंजनुओं से भिड़ गया। इसी बीच राहगीरों ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे दी। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंची। फिर क्या था दोनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस सदर थाना ले गई। वहां पुलिस की पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे फोन बेचकर अपनी गर्लफ्रेंड को नया मोबाइल गिफ्ट करना चाहते थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित युवक की बहादुरी और लोगों की तुरंत सूचना देने की वजह से आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। अंबाला पुलिस ने कहा कि डायल 112 टीम लगातार गश्त पर है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर फौरन कार्रवाई की जा सके।

## मां ने 10 माह के बेटे को चूल्हे में झोंका, फिर खुद भी दी जान

**एजेंसी | सोनभद्र**

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बभनी थाना क्षेत्र के जोबेदह गांव में एक महिला ने अपने दस माह के मासूम बेटे को जलते चूल्हे में फेंक दिया, जिससे बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसके तुरंत बाद महिला ने भी फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। बभनी थाने के प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल के अनुसार मृतका की पहचान 28 वर्षीय राजपति के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक राजपति बुधवार को छत्तीसगढ़ स्थित अपने ससुराल से मायके आई थी। रात को खाना खाने के बाद जब घर के बाकी सदस्य सो गए, उसी दौरान



उसने अपने बच्चे को जलते चूल्हे में डाल दिया। हादसे के बाद जब उसने बेटे को मृत देखा तो खुद भी साड़ी का फंदा बनाकर घर की बड़ेर से लटक गई। इससे उसकी भी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार राजपति का पति बाहर रहकर काम करता है, जिसके चलते वह पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में थी। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए : सीएम सुक्खू




**समर न्यूज | शिमला**

हिमाचल प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए हैं। पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में देश में 21वें स्थान पर था, जबकि वर्तमान सरकार के समन्वित प्रयासों से अब राज्य पांचवें स्थान पर है।

# दिल्ली ब्लास्ट जांच में बड़ा खुलासा आरोपियों का तुर्की हैंडलर से संपर्क

## बातचीत के लिए 'सेशन ऐप' किया जा रहा था उपयोग

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



दिल्ली ब्लास्ट की जांच में एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्किये (तुर्की) की राजधानी अंकारा में मौजूद एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांचकर्ताओं को पता चला है कि वही हैंडलर आरोपियों की गतिविधियों, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा के प्रसार से जुड़ी पूरी योजना का संचालन कर रहा था।

उनकी बातचीत के लिए 'सेशन ऐप' का उपयोग किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस विदेशी हैंडलर की पहचान 'उकासा' नाम के कोडनेम से हुई है, जो अरबी भाषा का शब्द है और इसका अर्थ 'मकड़ी' होता है।

माना जा रहा है कि यह उसका असली नाम नहीं है, बल्कि अपनी पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया कोडनेम है।

**तुर्किये का खंडन:** आतंकियों से संबंध की खबरें झूठी तुर्किये सरकार ने इन दावों को पूरी तरह गलत बताया है। उनका कहना है कि आरोपियों और किसी तुर्की हैंडलर के बीच संबंधों की बातें निराधार हैं और इस तरह की अफवाहों का उद्देश्य दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंचाना है। तुर्किये के बयान में कहा गया है कि वह हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर आतंक पर सख्ती से कार्रवाई करता है।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि भारत या किसी अन्य देश में कट्टरपंथ फैलाने के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। जांच में उजागर हुई नई जानकारियाँ जांच एजेंसियों ने हाल ही में गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल डेटा में पाया कि इस साल जनवरी में उन्होंने लाल किले के आसपास कई बार रेकी की थी।

यह गणतंत्र दिवस के दौरान लाल किले को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी, लेकिन उस समय सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने के कारण योजना को अंजाम नहीं दिया जा सका। इसके अलावा पता चला है कि जनवरी में मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर और मुजम्मिल दोनों तुर्किये की यात्रा पर भी गए थे। उनके पासपोर्ट से तुर्की के टिकट मिलने की पुष्टि हुई है, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# जालंधर में युवती ने लगाई फांसी

## छेड़छाड़ के आरोप के बाद बढ़ा था तनाव,बहन ने कोठी मालिक पर लगाए आरोप

समर न्यूज़ | जालंधर

जालंधर में बुधवार देर रात 21 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना ग्रोवर कॉलोनी की है, जहां मृतका रानो एक कोठी में सर्वेंट के रूप में काम करती थी। आत्महत्या से ठीक पहले की उसकी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें वह सीढ़ी लेकर कमरे की ओर जाती दिखाई दे रही है।

छेड़छाड़ के आरोप के बाद बढ़ा था तनाव मृतका की मां ने बताया कि आत्महत्या से कुछ घंटे पहले रानो ने फोन पर बताया था कि उसी कोठी में काम करने वाला एक युवक देर रात सर्वेंट क्वार्टर में आया और उसने रानो से छेड़छाड़ की। इसके बाद युवती ने मां से कहा कि वह अब उस कोठी में काम नहीं करना चाहती। घटना की जानकारी मिलते ही थाना बस्ती बावा खेल की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया। वहीं,



पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बहन ने कोठी मालिक पर लगाए गंभीर आरोप रानो की बहन ने दावा किया कि कोठी मालिक उसकी बहन को अक्सर परेशान करते थे और उसे घर से बाहर जाने या परिवार से मिलने नहीं देते थे। उसने यह भी कहा कि रानो को मालिक से जुड़ा कोई रहस्य पता चल गया था, जिसके चलते उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।मालिक के बेटे का पक्षजब कोठी मालिक के बेटे से इस घटना पर बात की गई तो उसने कहा कि रानो के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और दया भाव से उन्हें कोठी में काम और रहने की सुविधा दी गई थी।

उसने बताया कि जिस रात घटना हुई, परिवार के सभी सदस्य हॉस्पिटल में थे और फैक्ट्री का एक युवक सुरक्षा के लिए कोठी में रुकने आया था। रात के दौरान वह युवक सर्वेंट क्वार्टर में चला गया, जिसके बाद सुबह रानो ने छेड़छाड़ की शिकायत की।

बेटे के अनुसार, उन्होंने उसे पुलिस में शिकायत करने के लिए कहा लेकिन रानो ने मना कर दिया। शाम को वह सीढ़ी लेकर कमरे में गई और वहां फांसी लगा ली।

परिवार का कहना है कि अब उन पर झूठे और बदनाम करने वाले आरोप लगाए जा रहे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कीपुलिस ने बताया कि मामला गंभीर है और विभिन्न एंगल से जांच की जा रही है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनवर महबूब ने चौधरी शमशुद्दीन के खिलाफ सीबीआई, विजिलेंस को दी शिकायत, खातों और प्रॉपर्टी जांच की मांग

## अनवर बोले, हरचरण भुल्लर के साथ शमशुद्दीन के थे अच्छे संबंध

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

हरचरण सिंह भुल्लर के साथ शमशुद्दीन के साथ अच्छे संबंध थे। शमशुद्दीन ने भुल्लर के लिए क्या कुछ किया है। इसकी जांच होनी चाहिए। शहर में सभी को पता है कि चौधरी शमशुद्दीन हरचरण सिंह भुल्लर का करीबी रहा है। उनका दोस्त रहा है। चौधरी शमसुद्दीन के खातों की जांच होनी चाहिए उसने जितनी भी कंपनियां बनाई हैं। इसकी जांच होनी चाहिए।

इसको लेकर उन्होंने सीबीआई और विजिलेंस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उनकी शमशुद्दीन के साथ कोई दुश्मनी नहीं है। वह उनका दोस्त रहा है। ये बात अनवर महबूब ने समर न्यूज को साक्षात्कार देने के दौरान तपिन मल्होत्रा को बताई।

उन्होंने बताया कि शमशुद्दीन मलेरकोटला एमएलए का पीए रहा है। चौधरी शमशुद्दीन कहानी बनाने में माहिर है। वह सवालों में उलझाने में माहिर है। उसकी ख्वाहिश रही है कि वह मलेरकोट में ऐसा लीडर बन जाए लोग उसके आगे पीछे फिरें। शमशुद्दीन ने कई कंपनियां चलाई हुई हैं। पंचकूला की कोठी किसके नाम है। उसकी कंपनियों के बारे में पता करना चाहिए। उसकी कितनी कंपनियां हैं कौन-कौन उसकी कंपनी को चला रहा है।

**शमशुद्दीन ने विधायक का पीए बनकर किया ब्लैकमेल**

उन्होंने बताया कि शमशुद्दीन उसके दोस्तों के पास जाकर आया है। महबूब को रोको इसको क्या हो गया है। क्यों बोलता है मेरे खिलाफ। उनकी शमसुद्दीन के साथ कोई रंजिश नहीं है। इसने एमएलए का पीए बनकर लोगों को ब्लेकमेल किया है। मलेरकोटला के एमएलए से ज्यादा इसकी चलती थी। एमएलए का पीए था इसे क्यों हटाया गया। उन्होंने बताया कि मलेरकोटला के दर्शकों को सभी बात का पता है। चौधरी शमशुद्दीन ने ऐसा कौन सा ठेकेदार है जिससे पैसे ना लिए हों। मलेरकोटला के विधायक का सारा काम ये देखता था।

**सीबीआई जांच के बाद एक-एक इंसान का बताएंगे नाम**

पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा को पता था कि उनका बेटा नशे का आदी था। वह नशे के कारण मानसिक रोगी हो गया था। उनके बेटे को ये भी नहीं पता था उन्होंने वीडियो कब डाली थी और कब डिलीट कर दी। वीडियो में वह माफी भी मांग रहा है। उन्होंने बताया कि वह किसी की उंगली पर नहीं नाच रहे। सीबीआई की जो भी रिपोर्ट आएगी उसके बाद फिर लोगों को हर बात बताएंगे। अकील वाले केस में सीबीआई जांच होने के बाद एक-एक इंसान का नाम आपके सामने लेकर आएंगे।

**क्या है मामला**

मलेरकोटला के शमशुद्दीन चौधरी की शिकायत के बाद हरियाणा पुलिस ने पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और उनकी पत्नी रजिया सुल्ताना के खिलाफ उनके बेटे अकील अख्तर की मौत के सिलसिले में मामला दर्ज किया था। हरियाणा में हुई रहस्यमयी मौत की जांच अब सीबीआई कर रही है। यह फैसला हरियाणा सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने लिया है। वहीं, अनवर महबूब ने शमशुद्दीन चौधरी के खिलाफ सीबीआई और विजिलेंस को शिकायत दी है। उन्होंने अपनी शिकायत में शमशुद्दीन चौधरी खातों और प्रॉपर्टी की जांच की मांग की है।

# अमृतसर में पुलिस और गैंगस्टर के बीच मुठभेड़

## फायरिंग में जग्गू भगवानपुरिया गैंग का उज्ज्वल हंस घायल

समर न्यूज़ | अमृतसर

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता





हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने जंडियाला गुरु में जबरन वसूली की कोशिश से जुड़ी गोलीबारी की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक विदेशी पिस्तौल बरामद की है। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि, निवासी पंडोरी वडैच, और उज्जवल हंस, निवासी बटाला रोड, अमृतसर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, तीन अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों ने 6 नवंबर को जंडियाला गुरु स्थित एक प्रोविज़नल स्टोर के मालिक को डराने और जबरन वसूली के लिए उसकी दुकान पर गोलियां चलाई थीं।

डीआईजी संदीप गोयल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति जग्गू भगवानपुरिया गैंग से जुड़े हुए हैं और वे अपने विदेशी हैंडलर केशव शिवाला के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान एक आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, लेकिन पुलिस टीमों ने उसे काबू कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि गोलीबारी की इस घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की भी पहचान कर ली गई है और उसे पकड़ने के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद डीएसपी (डी) गुरिंदर नागरा और डीएसपी इंदरजीत सिंह की अगुवाई में पुलिस टीमों ने जांच शुरू कर दी थी। प्राप्त जानकारी के आधार पर तेज़ी से कार्रवाई करते हुए थाना जंडियाला गुरु और मत्तेवाल की पुलिस टीमों ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से एक पिस्तौल भी बरामद की।

एसएसपी ने कहा कि इस मामले में आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क और अन्य संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस संबंध में थाना मत्तेवाल, अमृतसर ग्रामीण में एफआईआर नंबर 60, दिनांक 12/11/2025 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएँ 109, 132 और 221 तथा आर्म्स एक्ट की धाराएँ 25 और 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बरनाला में युवक की संदिग्ध मौत

## खाली प्लॉट में मिला युवक का शव

समर न्यूज़ | बरनाला

बरनाला के रामबाग रोड स्थित एक खाली प्लॉट से 22 वर्षीय युवक सुरिंदर सिंह का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के चेहरे और शरीर पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं।



परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।तीन दिन से था लापतासुरिंदर सिंह, निवासी राही बस्ती, गरीब परिवार से ताल्लुक रखता था और हिमाचल से अपनी दादी से मिलने बरनाला आया हुआ था। वह तीन दिन पहले घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। परिजनों के मुताबिक, कुछ युवक उसे घर से बुलाकर ले गए थे।परिजनों का रो-रोकर बुरा हालतीन बहनों के इकलौते बेटे की मौत से परिवार सदमे में है। गुस्साए परिजनों ने आरोप लगाया कि बार-बार एम्बुलेंस बुलाने के बावजूद वह नहीं पहुंची, जिसके बाद पुलिस वाहन में शव को अस्पताल ले जाना पड़ा।पुलिस जांच में जुटीथाना सिटी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर हत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

# जयमाला के दौरान हुआ झगड़ा, दूल्हे ने तोड़ी शादी

समर न्यूज़ | रुद्रपुर

रुद्रपुर में बुधवार शाम एक शादी उस वक्त हंगामे में बदल गई जब जयमाला के दौरान दूल्हे और दुल्हन पक्ष के बीच झगड़ा हो गया। प्रीत विहार निवासी राहुल की शादी भूतबंगला क्षेत्र की एक युवती से तय हुई थी। बारात पूरे उत्साह के साथ दुल्हन के घर पहुंची थी और माहौल में खुशी छाई थी। बातचीत से शुरू हुआ विवाद जयमाला के समय दुल्हन के पास एक युवक आकर बैठ गया, जो खुद को उसका मुंहबोला भाई बता रहा था। दोनों की बातचीत दूल्हे को अखर गई। जब उसने इसका विरोध किया, तो उस युवक के साथियों ने दूल्हा पक्ष के लोगों पर हमला कर दिया।

दूल्हे का फैसला, शादी से इनकार हमले में दूल्हा पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। इसके बाद नाराज दूल्हे ने शादी करने से मना कर दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से दुल्हन के पिता को सदमा लगा और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा।

**थाने पहुंचे दोनों पक्ष-** विवाद बढ़ने पर दूल्हा अपनी शेरवानी में ही रामपुरा पुलिस चौकी पहुंच गया। कुछ ही देर में पूरी बरात और दुल्हन पक्ष के लोग भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। एससीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को शांतिपूर्वक बातचीत के लिए बुलाया गया और शादी पूरी करने की सलाह दी गई।

# 10 साल के बच्चे के हाथ में मोबाइल फटा, बड़ा हादसा टला

समर न्यूज़ | जालंधर

गांव संग ढेसियां में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब 10 साल के बच्चे के हाथ में अचानक मोबाइल फोन फट गया। घटना के दौरान बच्चा बाथरूम में मोबाइल चला रहा था। परिवारिक सदस्य छोटू यादव ने बताया कि उनका बेटा बाथरूम में गेम खेल रहा था, तभी अचानक मोबाइल में धमाका हो गया। धमाके से बच्चे का हाथ झुलस गया और वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा। उसकी मां जब बाथरूम में पहुंची, तो फोन पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। बच्चे के पिता ने बताया कि यह हादसा किसी के साथ भी हो सकता है, इसलिए माता-पिता को बच्चों को मोबाइल देने की बजाय उन्हें खेलकूद और अन्य बाहरी गतिविधियों की ओर



प्रेरित करना चाहिए। यह घटना सभी अभिभावकों के लिए एक चेतावनी है कि बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचाना बेहद ज़रूरी है और उनकी सुरक्षा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# नक्शा पास करने में गड़बड़ी मिली तो एई-जेई पर होगी कार्रवाई

समर न्यूज़ | हल्द्वानी

जिलाधिकारी और जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित मोहन रयाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर प्राधिकरण के कार्यों कि समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि नक्शा पास करने या अवैध निर्माण रोकने में लापरवाही होने पर संबंधित एई और जेई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौलापार गोशाला निर्माण में लापरवाही पर नाराजगी बैठक में गोशाला निर्माण के दौरान पाई गई ढिलाई पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अभियंताओं से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश सचिव डीडीए को दिया। आवासीय नक्शों पर अनावश्यक आपत्तियां न लगाएं। डीएम रयाल ने कहा कि भवन मानचित्रों के निस्तारण को प्राथमिकता दी जाए। नागरिकों को परेशान करने वाली अनावश्यक आपत्तियां न लगाई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया तो जिम्मेदार अभियंताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

**गंभीर मामलों में हो सकती है सेवा समाप्ति**

जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाह अभियंताओं पर सेवा समाप्त करने जैसी कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से अच्छा व्यवहार रखें और कार्यों का पारदर्शी और शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में मौजूद अधिकारी समीक्षा बैठक में डीडीए सचिव विजयनाथ शुक्ल, एई सुधांशु सिंह, शिवम धीमान, अभिषेक कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जालंधर में सख्त सुरक्षा बंदोबस्त

## हाई अलर्ट के बीच बस स्टैंड पर पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन

समर न्यूज़ | बरनाला

दिल्ली धमाके के बाद पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। राज्यभर में हाई अलर्ट जारी करते हुए पुलिस ने बड़े शहरों में तलाशी अभियान तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में बुधवार को जालंधर पुलिस ने बस स्टैंड पर व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया। कमिश्नरेट टीम की निगरानी में चला ऑपरेशन पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर की देखरेख में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य शहर में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अमन-शांति बनाए रखना था। ए.डी.सी.पी. सुखविंदर सिंह और ए.सी.पी. पंकज शर्मा ने मौके पर मौजूद रहकर सुरक्षा उपायों की समीक्षा की।बस स्टैंड परिसर



की गहन जांचऑपरेशन की अगुवाई एस.एच.ओ. डिवीजन नंबर-6 ने की। पुलिस के साथ डॉग स्क्वायड, एंटी सेबोटाज टीम और एंटी रायट यूनिट भी तैनात रहीं। बस स्टैंड के प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, दुकानों और पार्किंग स्थल की बारीकी से तलाशी ली गई।

**जनता से सतर्कता और सहयोग की अपील-** कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि कासो अभियानों में पुलिस का सहयोग करें और किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत 112 हेल्पलाइन पर दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रहेगी।

पदयात्रा | सहकारिता मेले का किया उद्घाटन, पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकता के संदेश को समर्पित

# चंपावत दौरे पर पहुंचे सीएम धामी, एकता पदयात्रा में लिया हिस्सा

समर न्यूज़ | खटीमा

टनकपुर में सरदार पटेल की जयंती वर्ष पर उमड़ा उत्साह और सहकारिता क्षेत्र में नवाचारों की झलकियां लगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र चंपावत के टनकपुर पहुंचे। यहां उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वर्ष के मौके पर आयोजित एकता पदयात्रा में भाग लिया और बाद में गांधी मैदान में सहकारिता मेले का उद्घाटन किया।

धामी के इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी थी। एकता पदयात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री सीएम धामी दोपहर करीब 2:55 बजे स्टेडियम हेलीपैड, टनकपुर पहुंचे। वहां से




उन्होंने 3 बजे एकता पदयात्रा की शुरुआत की, जो गांधी मैदान तक निकाली गई। यह पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान और राष्ट्रीय एकता के संदेश को समर्पित थी। धामी ने इस अवसर पर लोगों से एकजुटता और देश की प्रगति के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। गांधी मैदान में सहकारिता मेले का उद्घाटन पदयात्रा के बाद मुख्यमंत्री गांधी मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने जनपद स्तरीय सहकारिता मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न सहकारी समितियों और संस्थाओं के स्टॉल लगाए गए थे जिनमें सहकारिता क्षेत्र की उपलब्धियों, सरकारी योजनाओं और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता ग्रामीण और किसानों की आर्थिक रीढ़ को मजबूत बनाती है।

प्रशासन ने पूरी की सभी तैयारियां चंपावत जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम दोपहर 2:55 से शाम 5 बजे तक निर्धारित था। सभी सुरक्षा और स्वागत व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा कर लिया गया था। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों व बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

## मैं बोलूंगा तो...

### ज्यादातर काउंसलर क्यों धारण कर लेते हैं 'मौन-व्रत'...



समर न्यूज | मोहाली

*मोहाली नगर निगम चुनाव—अब उम्मीदवार ही खोलेंगे एक-दूसरे के पोटली-से राज! राजनीति आज ऐसी प्रयोगशाला बन चुकी है जहाँ साम-दाम-दंड-भेद किसी किताब की परिभाषा नहीं, बल्कि रोज़मर्रा का "वर्कफ़्लो" है। सत्ता की भूख में डूबे नेता खुलेआम कुछ नहीं करते—सब कुछ 'बिचौलियों' के भरोसे। ताकि अगर कल गठबंधन का जहाज़ डूब जाए, तो पूरा दोष उसी बेचारे "ब्रिज" पर डाल दिया जाए। मोहाली की राजनीति में भी ज़्यादातर (सभी नहीं!) काउंसलरों का हाल यह है कि कुछ सत्ता के लिए और बाकी नोटों के लिए—दोनों ही—अपना जमीर बेचने को तैयार बैठे हैं। और बेच भी चुके हैं। कौन किसके हाथ बिकेगा, किसके ज़रिए बिकेगा, यह पूरी 'रणनीति' उनके दिमाग़ में पहले से पैक होकर रखी होती है। समय मिलता ही नहीं, वरना वो किताब भी लिख देते— "कैसे बनें सफल बिकाऊ जनप्रतिनिधि"। फिर जब किसी ग्रुप की कोई धड़ा दूसरे की गोद में जा बैठता है, तो उस 'गुप्त सियासी प्रेम-कहानी' की खबर मोहाली के समझदार लोगों तक उड़ते-उड़ते पहुँच ही जाती है। और वहीं से शुरू होती है मोहाली की पसंदीदा राजनीति—'खुंड-चर्चा'।*

*सुबह 4 बजे की मीटिंग हो या रात 11 बजे की गुप्त मुलाक़ात—ये "मिशन इम्पॉसिबल" भी मोहाली के खास हलकों में "मिशन कानों-कान" बनकर फैल ही जाता है। क्योंकि अनुभवहीन नेता जब ऐसी मीटिंग करते हैं, तो उसे 'टॉप सीक्रेट मिशन' की जगह 'ब्रेकिंग न्यूज़' की तरह अपने खास दोस्तों को बताते हैं। और जिन नेताओं को 'ड्रिंक' की आदत है उनसे तो पूछिए मत!*

*उनके पेट में बात पचती ही नहीं। वहां पर पेट सफा अपना काम दिखा ही जाता है। घूँट उतरते ही "गुप्त मीटिंगों" का पूरा इतिहास-भूगोल बाहर आ जाता है। मोहाली नगर निगम चुनाव—उम्मीदवार ही खोलेंगे उम्मीदवारों की पोल! वॉर्डबंदी का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद मोहाली निगम चुनावों का बिगुल बज चुका है। सभी धड़े—दो, तीन, चार—अपनी तैयारी में लग चुके हैं।*

*अब खेल शुरू होगा टिकट बंटवारे का। और जहाँ टिकट की इच्छा पूरी नहीं हुई—वहीं से शुरू होगा "पोटली खोल मिशन"। कौन किसका कौन-सा राज़ खोलेगा, किसके काले कारनामे जनता तक पहुँचेंगे—यह आने वाले दिनों की राजनीतिक वेब सीरीज़ है। कई नेताओं के राज़ तो उनके अपने साथी ही खोल देंगे—जनता देखेगी और सोचेगी कि असली सच कौन सा है—या क्या दोनों ही सच हैं। जो लोग 'नोट प्राप्ति' के चक्कर में जितनी जमीन-जायदाद बना चुके हैं—उनका भी जिक्र मोहाली की खुंड-चर्चा यूनियन पूरे जोश से करेगी।*

*सच्चाई यह है मोहाली की राजनीति में अच्छे चरित्र वाले नेता भी मौजूद हैं—जो राजनीति को सेवा मानते हैं, लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं। पर ऐसे लोग इस माहौल से परेशान हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि इस "सेल-एंड-रेसेल पॉलिटिक्स" को कैसे रोका जाए।*

*आख़िरकार, यह सब किसके फायदे में जाएगा और किसके नुकसान में—इसका जवाब अभी भी भविष्य के पेट में छिपा है। आमीन!*

**-परदीप सिंह हैपी**

# गोल्ड मार्केट में उछाल, डॉलर पर दबाव रुपये की गिरावट से महंगाई के आसार

## बढ़ती वैश्विक महंगाई की आशंका से निवेशकों ने सोने की ओर रुख किया

समर न्यूज़ | मुंबई

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव एक बार फिर तेज़ी पकड़ रहे हैं। हाल के दिनों में गोल्ड की कीमतें करीब 4% बढ़कर 4208 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तेजी संकेत देती है कि आने वाले महीनों में वैश्विक महंगाई में उछाल देखने को मिल सकता है। यही कारण है कि निवेशक सुरक्षित संपत्ति की तरफ बढ़ रहे हैं और सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं। विश्लेषक बताते हैं कि सोने की कीमतें अक्सर महंगाई के बढ़ने का संकेत पहले ही दे देती हैं। उनकी रिसर्च दर्शाती है कि गोल्ड प्राइस और अमेरिका व यूरोप की औसत महंगाई के बीच 0.64 का मजबूत सहसंबंध है। 2014 से अब तक सोने और महंगाई के बीच यह संबंध लगातार देखा जा रहा है। विश्लेषण में गोल्ड प्राइस की 21 महीने बाद की औसत महंगाई से तुलना की गई, और दोनों के बीच स्पष्ट रिश्ते के संकेत मिले।

सीपीआई में वृद्धि नहीं, पर सोना

**▪ पहले ही दे रहा चेतावनी...**

*रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के ताजा उपभोक्ता महंगाई (सीपीआई) आंकड़ों में अभी कोई बड़ी छलांग नहीं दिख रही। इसके बावजूद, पिछले छह महीनों में अमेरिका ने कस्टम ड्यूटी से अपेक्षा से 3.5 गुना अधिक टैक्स (30 अरब डॉलर) इकट्ठा किया है, यानी आयात पर टैक्स बढ़ चुका है। विशेषज्ञों के अनुसार टैक्स का असर धीरे-धीरे महंगाई में दिखाई देता है और आने वाले महीनों में सीपीआई बढ़ सकता है। फिलहाल सोने की तेजी को विशेषज्ञ आने वाली महंगाई का शुरुआती संकेत मान रहे हैं।*

### 2025 में सोने की खरीद ऊंची, गिरावट की गुंजाइश कम



विश्वभर के केंद्रीय बैंक लगातार गोल्ड खरीद रहे हैं, जिससे बाजार में कीमतें सपोर्टेड बनी हुई हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 2025 (जनवरी–सितंबर) में केंद्रीय बैंकों ने 634 टन सोना खरीदा, जो भले ही 2024 की समान अवधि के 724 टन से कम है, लेकिन 2014–2021 के किसी भी वर्ष से ज्यादा है। केंद्रीय बैंकों की मजबूत डिमांड के चलते सोने में भारी गिरावट की संभावना फिलहाल न्यूनतम है। वर्तमान में वैश्विक गोल्ड डिमांड में 17% हिस्सा सिर्फ सेंट्रल बैंकों की खरीद का है।

### गोल्ड-सिल्वर रेशियो से भी मिल रहा संकेत

इस समय गोल्ड-सिल्वर रेशियो 78 के आसपास है, जबकि इसका दीर्घकालिक औसत 68 माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह रेशियो दिखाता है कि अस्थिरता के दौर में निवेशक चांदी की तुलना में सोने को अधिक तरजीह दे रहे हैं। हालांकि अप्रैल 2025 तक यह रेशियो 102 तक पहुंच गया था। इस अवधि में चांदी जहां 44% बढ़ी, वहीं सोना 27% चढ़ा। इसके बावजूद निवेशक सोने को ज्यादा सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं—जैसे भू-राजनीतिक तनाव, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव और मंदी की आशंकाओं—का सीधा असर गोल्ड खरीद पर पड़ रहा है।



### 6600 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है सोना

*जेफ्फरीस के चीफ स्ट्रेटेजिस्ट क्रिस्टोफर वुड का अनुमान है कि आने वाले समय में सोना 6600 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। यह मौजूदा कीमत से लगभग 57% की बढ़त होगी। वुड ने इसे सोने की मौजूदा बुल रन का संभावित उच्चतम स्तर बताया है।*

### डॉलर 6 रुपये महंगा हुआ; सोना बेचने की अफवाह ने बढ़ाई चिंता

जब देश का राजनीतिक माहौल बिहार चुनाव को लेकर गर्म है, उसी दौरान मुद्रा बाजार में गंभीर उतार–चढ़ाव हो रहे हैं, जिन पर न सरकार का ध्यान है न मीडिया की निगाह। डॉलर पिछले महीनों में 82–83 रुपये से बढ़कर 89 रुपये के करीब पहुंच गया, लेकिन इसकी वजहों और समाधान पर कोई गंभीर चर्चा नहीं हुई। बीते दिनों सोशल मीडिया पर यह अफवाह जोर पकड़ गई कि रिजर्व बैंक ने रुपये को बचाने के लिए 35 टन सोना बेच दिया, हालांकि बाद में आरबीआई ने इसका खंडन किया। लेकिन सोने की मात्रा बताने के बजाय सिर्फ उसके मूल्य बढ़ने की बात करना संदेह को पूरी तरह दूर नहीं कर सका। वैश्विक अनिश्चितताओं, फेडरल रिजर्व की नीतियों और सोना–चांदी बाजार की तेज हलचल से चिंता बढ़ी है। वहीं अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव और डोनाल्ड ट्रम्प के शुल्क बढ़ाने के फैसलों से भारत का निर्यात, खासकर अमेरिका को होने वाला निर्यात, तेजी से गिरा है। सेवा क्षेत्र की मजबूती ने स्थिति को बिगड़ने से रोका है। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी जरूर आई है, फिर भी यह रिकॉर्ड स्तर के करीब है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्थिति इतनी गंभीर नहीं है कि सोना बेचने की जरूरत पड़े, लेकिन रुपये की गिरावट चिंताजनक है और इसे स्थिर करने के लिए ठोस कदम आवश्यक हैं।

# सनी देओल का पपराजी पर गुस्साः शर्म नहीं आती

## धर्मेंद्र के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद घर के बाहर मीडिया की भीड़ से नाराज़गी

समर न्यूज़ | मुंबई

अभिनेता धर्मेंद्र को कुछ दिनों के उपचार के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिवार ने बताया कि उनकी रिकवरी अब घर में ही जारी रहेगी। इस बीच, धर्मेंद्र की तबीयत को लेकर मीडिया का उनके जुहू स्थित घर के बाहर लगातार जमावड़ा लगा रहा, जिसने उनके बेटे और अभिनेता सनी देओल को नाराज कर दिया।

सनी देओल जब अपने घर के बाहर दिखाई दिए, तो कुछ दूर जाकर अचानक रुक गए और हाथ जोड़ते हुए शांत लेकिन सख़्त अंदाज़ में मीडिया से नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा—"आपके घर में मां-बाप हैं, बच्चे हैं * की तरह वीडियो भेजे जा रहे हो। शर्म नहीं आती?"गुस्सा जताने के बाद सनी देओल वहाँ से निकल गए।

### ▪ गलत रिपोर्टिंग पर परिवार की नाराज़गी



**▪ बच्चों की रातों की नींद उड़ चुकी : हेमा मालिनी...**

*धर्मेंद्र के घर लौटने के बाद उनकी पत्नी हेमा मालिनी ने उनकी सेहत को लेकर अपडेट दिया। उन्होंने कहा-"ये समय हमारे लिए आसान नहीं था। धरमजी की सेहत को लेकर हम सब बहुत चिंतित रहे। बच्चे कई दिनों से ठीक से सो नहीं पाए। मुझे भी कई ज़िम्मेदारियाँ निभानी हैं, इसलिए खुद को कमजोर नहीं पड़ने देती। हाँ, राहत है कि वह घर आ गए हैं। दुआ कीजिए कि वह जल्दी ठीक हों। बाकी सब ऊपरवाले के हाथ में है। धर्मेंद्र की तबीयत को लेकर कुछ मीडिया संस्थानों ने बिना पुष्टि किए ऐसी रिपोर्टें चलाईं, जिनमें अभिनेता को "मृत" तक घोषित कर दिया गया था। यह खबर आते ही सोशल मीडिया पर अफरा-तफरी फैल गई और कई बॉलीवुड कलाकारों व राजनीतिक हस्तियों ने शोक संदेश तक जारी कर दिए। बाद में परिवार द्वारा बयान जारी करने पर यह स्पष्ट हुआ कि खबर गलत थी,जिसके बाद कई मीडिया हाउसों ने अपनी पोस्टें हटा दीं। गलत रिपोर्टिंग के चलते परिवार बेहद परेशान रहा और सोशल मीडिया पर भी इन चैनलों की जमकर आलोचना हुई।*

## Good DAY

समर न्यूज | मोहाली



*सभी क्षेत्रवासियों को मेरा हार्दिक प्रणाम और सुप्रभात। नए दिन की शुरुआत के साथ ईश्वर से यही प्रार्थना है कि यह सवेरा आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि और नई प्रेरणा लेकर आए। हमारा क्षेत्र दिन-प्रतिदिन विकास की ओर बढ़ रहा है। मैं हर दिन इस प्रयास में लगा रहता हूं कि हमारे इलाके का हर परिवार सुरक्षित, खुशहाल और सम्मानजनक जीवन जी सके। आइए, आज का दिन सकारात्मक सोच, अच्छे कार्य और पारस्परिक सद्भाव के साथ शुरू करें। अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संकल्प लें और समाज में प्रेम व एकता की भावना को और मजबूत बनाएं। विकास की इस यात्रा में हम सभी एक-दूसरे का हाथ थामकर आगे बढ़ें। दुआ है कि आपका दिन मंगलमय हो, आप स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें और हर कदम पर सफलता आपके साथ चले।*

**-कुलवंत सिंह मोहाली विधायक**

# कोबरापोस्ट का दावा- अनिल अंबानी समूह में 41,921 करोड़ का कथित घोटाला; रिलायंस समूह ने आरोपों को बताया है मनगढ़ंत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़/लुधियाना

खोजी पत्रकारिता पोर्टल कोबरापोस्ट ने एक विस्तृत जांच में दावा किया है कि अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले



रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) ने करीब 41,921 करोड़ का कथित वित्तीय घोटाला किया है। संस्था के अनुसार यह रकम दो श्रेणियों में बांटी गई है- पहली बैंकिंग सिस्टम से कथित फंड डायवर्जन और दूसरी, विदेशों से धन के अनुचित हस्तांतरण का मामला। कोबरापोस्ट के मुताबिक, 2006 से अब तक लगभग 28,874 करोड़ लिस्टेड कंपनियों से निकालकर कथित तौर पर गलत उपयोग में लाए गए। ये धनराशि बैंक लोन, आईपीओ और बॉन्ड के जरिए जुटाई गई थी। इसके अलावा, रिपोर्ट में आरोप है कि 1535 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 13,047 करोड़) विदेशों से लाकर गलत तरीके से भारतीय संस्थाओं में डाला गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पैसे का एक बड़ा हिस्सा सिंगापुर की कंपनी EMITS को भेजा गया था, जिसे रहस्यमयी विदेश कंपनी नेक्सजेन कैपिटल से 750 मिलियन डॉलर मिले थे। कोबरापोस्ट के मुताबिक यह फंड भारत में लाने के बाद कई परतों में ट्रांसफर कर गायब कर दिया गया और जिन कंपनियों के माध्यम से लेनदेन हुआ, वे बाद में बंद कर दी गईं। रिपोर्ट का दावा है कि यह पैटर्न मनी लॉन्ड्रिंग जैसा प्रतीत होता है।

### ▪ कंपनियों के नाम बदलकर लेन-देन छिपाने का आरोप

*कोबरापोस्ट के अनुसार, एडीए समूह द्वारा कथित रूप से बनाई गई कई सब्सिडियरी और शेल कंपनियों का बार-बार नाम बदलकर प्रमोटर-सम्बद्ध कंपनियों में विलय कर दिया गया, ताकि वास्तविक लाभार्थियों को छिपाया जा सके। सीएलई प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक विशेष प्रयोजन कंपनी का उल्लेख रिपोर्ट में सबसे प्रमुख है। दावा किया गया है कि इसे रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर, रिलायंस कैपिटल, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और यस बैंक से मिली रकम को आगे स्थानांतरित करने के लिए इस्तेमाल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर सेः 10,049 करोड़, रिलायंस कैपिटल सेः 3,270 करोड़, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस सेः 286 करोड़, यस बैंक सेः 800 करोड़। सीएलई प्राइवेट लिमिटेड ने इन रकमों को भारी प्रीमियम पर कथित शेल कंपनियों को डिबेंचर और एडवांस के रूप में ट्रांसफर किया। बाद में ये कंपनियां एडिको वेंचर्स में मर्ज कर दी गईं ताकि फंड के स्रोत और अंतिम उपयोग को छिपाया जा सके। कोबरापोस्ट ने 26 ऑफशोर संस्थाओं की पहचान करने का भी दावा किया जो कथित लाभार्थी नेटवर्क में शामिल थीं।*

**▪ कानूनी उल्लंघनों के गंभीर आरोप....***पड़ताल में कहा गया है कि एडीए समूह की विभिन्न कंपनियों और अधिकारियों ने कंपनी अधिनियम 2013, फेमा, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून, सेबी एक्ट,इनकम टैक्स एक्ट जैसे कई कानूनों का उल्लंघन किया। कोबरापोस्ट का कहना है कि यह पूरा विश्लेषण सरकारी और सार्वजनिक स्रोतों जैसे एमसीए, आरबीआई, सेबी, एनसीएलटी के दस्तावेज़ों और अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड पर आधारित है।*

**▪ रिलायंस समूह का कड़ा खंडन...**

*एडीए समूह ने इन आरोपों को "दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और बदनाम करने की साजिश" बताया है। कंपनी का कहना है कि ये आरोप पुराने, सार्वजनिक दस्तावेजों पर आधारित हैं जिनकी जांच सीबीआई, ईडी और सेबी पहले ही कर चुके हैं। समूह ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों पर टिप्पणी करना न्यायालय की अवमानना होगी, क्योंकि कई केस अदालत में लंबित हैं। रिलायंस समूह ने कोबरापोस्ट और संस्थापक अनिरुद्ध बहल पर "दबाव बनाकर लाभ लेने की कोशिश" और "उगाही की पेशकश" करने का आरोप भी लगाया। समूह का दावा है कि कुछ लोग उनके अधिकारियों से समझौते के नाम पर संपर्क कर रहे थे, जिसे कंपनी ने "आपराधिक उगाही" बताया।*

**▪ निवेशकों को नुकसान और बाजार पर असर...***रिलायंस का कहना है कि पिछले तीन महीनों में सट्टेबाजी और गलत जानकारी के कारण रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर का बाजार पूंजीकरण 15,000 करोड़ से ज्यादा गिर गया। दोनों कंपनियों ने सेबी में शिकायत दर्ज कर संभावित बाजार हेरफेर की जांच की मांग की है।*

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## लाल किला धमाके के बाद अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा जारी नई ट्रैवल एडवाइज़री

# पर्यटकों की बुकिंग पर दबाव, अल्पकालिक असर की आशंका

कमलेश शर्मा | मोहाली

दिल्ली के लालकिले के समीप हुए हालिया विस्फोट का असर भारत के यात्रा और पर्यटन सेक्टर पर दिखने लगा है। घटना के बाद अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा जारी नए ट्रैवल एडवाइजरी से पर्यटन उद्योग में हल्की चिंता जरूर बढ़ी है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रभाव केवल कुछ हफ्तों तक सीमित रह सकता है। पीक सीजन की शुरुआत के बीच यह घटना ऐसे समय हुई है जब विदेशी पर्यटकों की भारत आमद बढ़ने लगती है।

उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लंबी दूरी से आने वाले यात्रियों में सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता अधिक होती है, जिसके कारण कुछ बुकिंग रद्द या स्थगित देखने को मिल सकती है। हालांकि वे यह भी मानते हैं कि मध्यम और दीर्घ अवधि में इसका कोई गहरा असर नहीं पड़ेगा।

चंडीगढ़ के टूर ऑपरेटर्स के मुताबिक अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिमी यूरोप जैसे प्रमुख स्रोत देशों के पर्यटक ऐसी खबरों पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं। इन बाजारों के यात्री सुरक्षा अलर्ट को गंभीरता से लेते हैं। इससे अस्थायी रूप से बुकिंग धीमी पड़ सकती है। ऐसा पहलगाम हमले के दौरान भी देखने को मिला था।

सोमवार को लालकिले के पास चलती कार में हुए धमाके में 13 लोगों की मौत और कई घायलों के बाद अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ब्रिटेन के एफसीडीओ ने भी भारत—विशेषकर भारत-पाकिस्तान सीमा और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों—को लेकर सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की है। चूंकि अमेरिका और ब्रिटेन दोनों ही भारत के लिए बड़े विदेशी पर्यटक बाजार हैं, इसलिए उनके परामर्श का असर तुरंत देखा जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में मामूली नरमी दर्ज हुई है। होटल समूह के प्रवक्ताओं का कहना है कि लंबी दूरी के पर्यटकों का एक हिस्सा सुरक्षा अलर्ट के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। बुकिंग में हल्की गिरावट आई है, हालांकि यह व्यापक नहीं है। ऐसे में विदेशी पर्यटक देश भ्रमण के लिए थोड़ा कतराएंगे।

इसके विपरीत, लक्ज़री विला रेंटल कंपनी स्टाविस्टा का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में उनकी ऑक्यूपेंसी अब भी 90% से अधिक बनी हुई है। फिलहाल किसी भी बुकिंग को कैंसल होते नहीं देखा। उम्मीद है कि इस घटना को एक अलग घटना के रूप में ही देखा जाएगा और इसका दीर्घकालिक असर नहीं पड़ेगा।

यह घटना चिंता जरूर पैदा करती है, लेकिन विदेशी पर्यटकों की योजनाएं आमतौर पर पहले से तय होती हैं और अधिकतर यात्राएं तय कार्यक्रम के अनुसार चलती हैं। उद्योग का मत है कि इस समय सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ करना और पर्यटकों में विश्वास बहाल करना सबसे महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आने वाले समय में कोई नई सुरक्षा घटना नहीं होती और सरकार प्रभावी संचार बनाए रखती है, तो पर्यटक आवागमन अगले कुछ महीनों में सामान्य हो जाएगा।

# लिनकिन पार्क का बेंगलुरु में लाइव शो

## लॉलापालूज़ा 2026 से पहले जनवरी में ब्रिग्रेड इनोवेशन गार्डन्स में कॉन्सर्ट

समर न्यूज़ | बेंगलुरु

अमेरिकी रॉक बैंड लिनकिन पार्क पहली बार भारत यात्रा को दो-शहरों में कवर करेगा। लॉलापालूज़ा इंडिया 2026 में मुंबई परफॉर्मेंस से पहले बैंड ने बेंगलुरु में एक स्पेशल स्टैंडअलोन कॉन्सर्ट की घोषणा की है। बेंगलुरु की सड़कों पर कई दिनों से लगे लिनकिन पार्क के लोगो वाले होर्डिंग्स से जो अटकलें लगाई जा रही थीं, वे अब सच साबित हुई हैं। बैंड 23 जनवरी 2026 को ब्रिगेड इनोवेशन गार्डंस में अपने विश्व दौरे फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर के तहत परफॉर्म करेगा। कॉन्सर्ट का ओपनिंग एक्ट भारत का लोकप्रिय फोक-मेटल बैंड बल्डीवुड करेगा।

**▪ फैन्स की भारी मांग पर लिया गया**



**फैसला...** *लिनकिन पार्क ने इस घोषणा के साथ स्पष्ट किया कि भारतीय फैन्स के जबरदस्त रिस्पॉन्स और लगातार आने वाले संदेशों ने उन्हें सिर्फ एक शहर तक सीमित नहीं रहने दिया। बैंड के सदस्य माइक शिनोडा ने कहा कि फ्रॉम जीरो वर्ल्ड टूर हमारे लिए बेहद शानदार रहा है। लॉलापालूज़ा इंडिया की घोषणा पर मिले प्यार ने हमें महसूस कराया कि एक शो काफी नहीं होगा। हमें खुशी है कि हम पहली बार भारत में मुंबई और बेंगलुरु—दोनों शहरों में आ रहे हैं। 1996 में बनी इस बैंड के भारत में लाखों प्रशंसक हैं, जिन्होंने नंब, इन द एंड, जैसे गीतों के साथ एक पूरा दौर जिया है। दोनों भारतीय शो बैंड के नए एल्बम फ्रॉम जीरो पर आधारित होंगे, जिसने 14 देशों में नंबर 1 पर डेब्यू किया है। लिनकिन पार्क की यह भारत यात्रा ऐसे समय में घोषित हुई है जब बैंड को इस साल बेस्ट रॉक एल्बम फ्रॉम जीरो और बेस्ट रॉक परफॉर्मेंस द एंप्टीनेस मशीन के लिए दो ग्रैमी नामांकन मिले हैं, जो उनके ग्लोबल कमबैक की पुष्टि करते हैं।*

# अंबाला की बेटी ने बनाया वेब ऐप, सड़क सुधार और सुरक्षा में किया योगदान; ऐप के जरिए सड़क समस्याओं की तस्वीरें अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे लोग

**समर न्यूज | अंबाला**

शहर में सड़क के गड्ढों और सड़क सुरक्षा को लेकर सजग नागरिकों के प्रयास को नई दिशा मिली है। अंबाला की युवती साइना भटनागर ने एक वेब ऐप विकसित किया है जिससे नगर निगम के नागरिक अपने क्षेत्र की सड़क समस्याओं की तस्वीरें सीधे अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे। इस वेब ऐप के लॉन्च और इसके परीक्षण की अनुमति लेने के लिए साइना ने अंबाला की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा से मुलाकात की और अपने प्रयास को आगे बढ़ाने की शुरुआत की। मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि आज के युवाओं का यह सजग प्रयास देखकर बहुत खुशी होती है। उन्होंने कहा, "इस तरह की पहल शहर की सफाई और सड़क सुधार में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। जब युवाओं में समस्याओं को समझने और सुलझाने की इच्छा शक्ति होगी, तो अंबाला जल्द ही स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल कर सकता है।

मेयर ने बताया कि नगर निगम में अब तक सड़क और सफाई से जुड़ी जानकारी आम नागरिक तक आसानी से नहीं पहुंचती थी। साइना के इस ऐप के माध्यम से यह सूचना तंत्र और सुचारू और प्रभावी बन सकेगा। शैलजा संदीप सचदेवा ने साइना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उनके इस प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस पहल से अंबाला के अन्य युवा भी प्रेरित होंगे और शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में योगदान देंगे। मेयर ने जोर देकर कहा कि सभी का प्रयास ही सबका विकास सुनिश्चित कर सकता है और यही अंबाला के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।



---

▪ ऑपरेशन ट्रैकडाउनः सोनीपत-कैथल से वांछित अपराधी गिरफ्तार

# ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत पुलिस ने 262 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया

**समर न्यूज | चंडीगढ़/हरियाणा**

चंडीगढ़, हरियाणा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत सोनीपत और कैथल जिलों में दो बड़ी सफलता हासिल की है। यह अभियान राज्यभर में संगठित अपराध और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाया जा रहा है, जिसके तहत लगातार कुख्यात अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। सोनीपत जिले में 27 जुलाई 2025 को छुट्टी पर आए साआरपीएफ जवान कृष्ण की हत्या के मामले में सदर गोहाना थाना पुलिस ने पांच-पांच हजार रुपये के इनामी दो मुख्य आरोपियों निशांत पुत्र राजसिंह और अजय पुत्र वजीर दोनों खेड़ी दमकन निवासी को गिरफ्तार किया। यह वारदात पुरानी रंजिश से जुड़ी थी, जो कांवड़ यात्रा के दौरान हुई कहासुनी से शुरू हुई थी। पुलिस ने बताया कि इस केस में पहले ही तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं। दोनों गिरफ्तार आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनके खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। न्यायालय में पेश कर इन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि पूरी घटना की गहन जांच की जा सके।





## ▪ 15 मुकदमों वाला फरार अपराधी पकड़ा

कैथल पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत पीओ पकड़ो टीम द्वारा वर्ष 2017 के छेड़खानी मामले में फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी हंसराज (सेरधा निवासी) को गिरफ्तार किया। हंसराज को 6 अगस्त 2025 को अदालत द्वारा प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर (पीओ) घोषित किया गया था, क्योंकि वह जमानत मिलने के बाद अदालत में पेश नहीं हुआ था। जांच में पता चला कि हंसराज पर कैथल, पानीपत, जींद, हिसार समेत राज्य के विभिन्न जिलों में चोरी, महिला से छेड़खानी, हत्या, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे 15 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## ▪ प्रदेश में कानून का शिकंजा कसता हुआ

हरियाणा पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन अब तक 262 कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी में सफल रहा है। केवल छठे दिन में ही पुलिस ने 53 कुख्यात अपराधियों को पकड़ा, जबकि 225 अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया। कुल मिलाकर पिछले छह दिनों में 262 कुख्यात और 1,398 अन्य आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। इस अभियान ने प्रदेश में संगठित अपराध के नेटवर्क को कमजोर किया है और आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत किया है। हरियाणा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक राज्य से अपराध की जड़ें पूरी तरह समाप्त नहीं हो जातीं।

# धीरेंद्र शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ी

• डॉक्टरों ने दी दो दिन आराम करने की सलाह

**समर न्यूज | फरीदाबाद**

हरियाणा में चल रही बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उन्हें तेज बुखार है और यात्रा के दौरान ही सड़क किनारे ही उन्हें लेटना पड़ा। बावजूद इसके उन्होंने पदयात्रा को बीच में रोकने से इनकार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को भी धीरेंद्र शास्त्री को 100 डिग्री से अधिक बुखार था। उस वक्त भी उन्होंने यात्रा जारी रखी थी। डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनका प्राथमिक उपचार किया और दो दिन आराम करने की सलाह दी, लेकिन शास्त्री ने साफ कहा कि जब तक यात्रा पूरी नहीं होती वे रुकेंगे नहीं।

धीरेंद्र शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का उद्देश्य देशभर में सनातन धर्म के प्रति एकता और जागरूकता फैलाना है। यह यात्रा हरियाणा के कई जिलों से होते हुए दोपहर बाद उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश हुई। इस दौरान हजारों भक्त उनके साथ चल रहे हैं। शास्त्री के स्वास्थ्य को लेकर उनके अनुयायियों में चिंता का माहौल है। कई श्रद्धालु सोशल मीडिया पर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना कर रहे हैं। वहीं, आयोजन समिति ने बताया कि चिकित्सा टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है। बावजूद इसके धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जब तक सनातन का संदेश घर-घर नहीं पहुंचता यात्रा नहीं रुकेगी। उनकी दृढ़ता और समर्पण ने भक्तों के बीच एक बार फिर उनका सम्मान और बढ़ा दिया है।

• हुड्डा और राव नरेंद्र ने की राज्यपाल से मुलाकात

# गैंगवार, महिला उत्पीड़न की चिंता जताते हुए सौंपा ज्ञापन



**समर न्यूज | चंडीगढ़/हरियाणा**


चंडीगढ़, हरियाणा में बढ़ते अपराध और कमजोर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी नेताओं ने राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष से मुलाकात कर राज्य में बढ़ते अपराधों, गैंगवार और महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जताते हुए ज्ञापन सौंपा। बैठक में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, और कई विधायक शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वह सरकार को कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दें। कांग्रेस का आरोप है कि हरियाणा में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। गैंगवार, नशा तस्करी, हत्या, लूट और महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं।

पार्टी नेताओं ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं बची, आम जनता में भय का माहौल है और सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है। ज्ञापन में कांग्रेस ने हाल के दिनों में हुई हत्या, लूट और साइबर अपराध की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और पुलिस विभाग के तमाम दावों के बावजूद अपराध नियंत्रण में विफलता साफ दिखाई देती है। कांग्रेस ने बताया कि कानून-व्यवस्था का मुद्दा विधानसभा सत्र में भी उठाया गया था, लेकिन सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए। अब पार्टी ने राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि हरियाणा में शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल बहाल किया जा सके।

# हरियाणा में कानून-व्यवस्था बिगड़ी, कांग्रेस ने राज्यपाल से की शिकायत

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा में लगातार बढ़ती अपराध दर और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस पार्टी ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह गुरुवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे पार्टी के विधायकों के साथ हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष से मुलाकात करेंगे और एक ज्ञापन सौंपकर दखल देने की मांग करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि राज्य में गैंगवार, नशा तस्करी और महिलाओं पर अपराध जैसी घटनाओं ने जनता में भय का माहौल पैदा कर दिया है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि हरियाणा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, और सरकार केवल बयानबाजी तक सीमित है। सूत्रों के अनुसार, ज्ञापन में हाल के



दिनों में हुई हत्या, लूट और साइबर ठगी जैसी घटनाओं का जिक्र किया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री के दावे जमीन पर सफल साबित नहीं हुए हैं और डीजीपी के सख्त आदेशों के बावजूद पुलिस व्यवस्था नियंत्रण में नहीं आ पाई है। कांग्रेस ने पहले भी विधानसभा सत्र में कानून-व्यवस्था पर सरकार से जवाब मांगा था। हालांकि, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर अब पार्टी ने सीधे राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग कर स्थिति सुधारने का दबाव बनाने का फैसला किया है।

15 से 20 युवकों ने लोहे की रॉड और डंडे से किया हमला

# शादी में डीजे विवाद बना जानलेवा, पुलिसकर्मी की हत्या

**समर न्यूज | अंबाला**

अंबाला, जिले के मुलाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान डीजे पर नशे में धुत युवकों के बीच हुए झगड़े ने दर्दनाक मोड़ ले लिया। झगड़ा रोकने पहुंचे पुलिसकर्मी अमन कुमार की डंडों और लोहे की रॉड से पीट पीटकर हत्या कर दी गई। अमन मूल रूप से कंबासी गांव के रहने वाले थे और यमुनानगर में तैनात थे।

घटना 12 नवंबर की बताई जा रही है। अमन अपने परिवार के साथ सिरसगढ़ गांव में अपनी मौसी की बेटी की शादी में शामिल होने गए थे। डीजे पर नाचते समय कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। झगड़े के दौरान आरोपी युवक बाहर चले गए, लेकिन कुछ देर बाद फिर लौटे और मौके पर जमकर मारपीट शुरू कर दी।

**• हमला रोकने गए पुलिसकर्मी पर ताबड़तोड़ वार...**

अमन के भाई सुनंदन ने बताया कि जयमाला कार्यक्रम के बाद जब वे घर





लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी बाहर से शोर सुनाई दिया। अमन और उनका चाचा शुभम जब बाहर पहुंचे तो देखा कि 15 से 20 युवक हाथों में लोहे की रॉड और डंडे लिए हुए थे। उन्होंने अमन को पकड़कर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जब सुनंदन ने बचाने की कोशिश की तो उसे भी सिर पर डंडा मार दिया गया।

**▪ अस्पताल में मौत, आरोपियों पर केस दर्ज...**

गंभीर रूप से घायल अमन को तुरंत एमएम अस्पताल मुलाना ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सुनंदन की शिकायत पर शुभ माजरी गांव, यमुनानगर के रहने वाले टिंकू, रोहित, अमन और सोनू सहित अन्य युवकों के खिलाफ हत्या और मारपीट के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस वारदात से क्षेत्र में गम और आक्रोश का माहौल है।

**फैसला** | **हरियाणा में बढ़ते प्रदूषण के चलते कक्षा 5वी तक स्कूल बंद**

# दिल्ली एनसीआर समेत हरियाणा के प्रभावित जिलों में स्कूल बंद

**समर न्यूज | चंडीगढ़/हरियाणा**

चंडीगढ़, हरियाणा में लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली एनसीआर समेत हरियाणा के प्रभावित जिलों में अब कक्षा पांचवी तक के स्कूलों को बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

शिक्षा निदेशालय ने यह फैसला ग्रैप-3 दिशा-निर्देशों के तहत लागू पाबंदियों के बाद लिया है। सभी जिलाधिकारियों को अधिकार दिए गए हैं कि वे अपने जिले की वायु गुणवत्ता एक्यूआई के आधार पर



निर्णय लें। निदेशालय के पत्र के अनुसार, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है। इसी को देखते हुए अब सरकारी और निजी दोनों स्कूलों में पांचवी तक की ऑफलाइन कक्षाएं निलंबित रहेंगी। इनकी पढ़ाई ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड में जारी रहेगी। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि निर्णय लेते समय शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की अलग-अलग स्थिति का ध्यान रखा जाए। साथ ही सभी डीसी अपने निर्णय की जानकारी एकेडमिक हरियाणा पोर्टल पर साझा करेंगे। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रदूषण स्तर में सुधार होने के बाद स्कूलों को फिर से खोलने पर विचार किया जाएगा।

• पानीपत में प्राइवेट बस पलटी, 15 यात्री हुए घायल

# ग्रामीणों ने सरकार से सड़क को जल्द दुरुस्त करवाने की मांग की

**समर न्यूज | पानीपत**

पानीपत, गांव उंटला के पास सफीदों से पानीपत आ रही एक प्राइवेट बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 15 यात्री घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में 30 से 35 यात्री सवार थे। घटना उस वक्त हुई जब सामने से आ रहे एक कैंटर ने अचानक ब्रेक लगा दी। कैंटर के रुकते ही बस चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन सीधे सड़क किनारे खेतों में जा पलटा। पलटने के बाद बस में अफरा-तफरी




मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार सुनाई देने लगी। गांववालों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। डॉक्टरों के अनुसार, ज्यादातर घायलों की हालत स्थिर है और इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आसींद रोड की स्थिति काफी खराब है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और टूटी सतह के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने सरकार से इस सड़क को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

# खेल गए जयराम: हमीरपुर में धमाकेदार एंट्री से हिमाचल पर और मजबूत हुई पकड़







**राज्य ब्यूरो | समर न्यूज़**

हमीरपुर की राजनीति में बीते कुछ दिनों में जो माहौल बना, उसने हिमाचल प्रदेश की सियासत में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। जयराम ठाकुर जिन्हें अब तक मंडी का नेता कहा जाता था, ने अपनी हालिया हमीरपुर यात्रा से यह साबित कर दिया कि उनका कद अब पूरे हिमाचल प्रदेश में फैल चुका है। हमीरपुर की धरती पर आयोजित दो बड़े सामाजिक कार्यक्रमों ने न सिर्फ राजनीतिक समीकरण बदले, बल्कि भाजपा के भीतर एक नया संदेश भी दे दिया कि जयराम ठाकुर अब प्रदेश के सर्वमान्य नेता बन चुके हैं। पहला कार्यक्रम सुजानपुर में पूर्व विधायक राजेंद्र राणा द्वारा आयोजित किया गया, जबकि दूसरा कार्यक्रम हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में हुआ। दोनों ही आयोजनों में जनता का जो सैलाब उमड़ा, उसने सबको चौंका दिया। हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जिस गर्मजोशी से जयराम ठाकुर का स्वागत किया, उसने स्पष्ट संकेत दिया कि अब हिमाचल की सियासत में भाजपा की दिशा और दशा दोनों जयराम ठाकुर के नेतृत्व में तय होंगी।

हमीरपुर जिला, जो अब तक धूमल परिवार का पारंपरिक गढ़ माना जाता था, अब राजनीतिक रूप से एक नए केंद्र में तब्दील हो रहा है। जयराम ठाकुर की हमीरपुर में हुई इस एंट्री ने भाजपा के भीतर चल रही तमाम धारणाओं को बदलकर रख दिया। दोनों आयोजनों में मौजूद पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं और संगठन के दिग्गजों ने एक सुर में कहा कि भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की क्षमता सिर्फ जयराम ठाकुर में है। यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि अब पार्टी का असली वोट ऑर्डर और जमीनी समर्थन जयराम ठाकुर के साथ खड़ा है। सुजानपुर और हमीरपुर दोनों जगह युवाओं की भारी भागीदारी ने यह संकेत दिया कि जयराम ठाकुर की लोकप्रियता सिर्फ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी भी उन्हें अपना नेता मान रही है। मंच से लेकर मैदान तक जय राम ठाकुर जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। युवाओं में जोश, जनता की उमंग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा ने माहौल को पूरी तरह उत्सव में बदल दिया। यह वही ऊर्जा थी जिसने सबको यह अहसास कराया कि 2027 की राह जयराम ठाकुर ही दिखाने वाले हैं। हमीरपुर की इन सभाओं ने एक और बात साफ कर दी कि अब जयराम ठाकुर सिर्फ मंडी के नेता नहीं रहे। उनकी सादगी, मिलनसार स्वभाव और जमीनी जुड़ाव ने उन्हें हर जिले में लोकप्रिय बना दिया है। पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं ने जिस तरह से एकजुटता दिखाई, वह इस बात का प्रमाण है कि हिमाचल की भाजपा आज पूरी तरह जयराम ठाकुर के नेतृत्व में संगठित दिखाई दे रही है। राज्यभर से आए वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने यह भी जताया कि पार्टी में नेतृत्व का केंद्र अब जयराम ठाकुर के इर्दगिर्द घूम रहा है। जयराम ठाकुर की सबसे बड़ी ताकत उनका जनसंपर्क है। वे लगातार लोगों के बीच रहते हैं, गांव-गांव जाकर संवाद करते हैं और आम कार्यकर्ता से सीधा संपर्क बनाए रखते हैं। हमीरपुर की भीड़ और स्वागत ने यह सिद्ध कर दिया कि हिमाचल की जनता आज भी उन्हें अपने दिल के करीब रखती है। उनकी यही जनता से जुड़ने की शैली उन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है और एक सच्चे जननेता के रूप में स्थापित करती है।

हमीरपुर के दोनों कार्यक्रमों ने यह भी साबित किया कि भाजपा का असली जननायक अब जयराम ठाकुर हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता न केवल उत्साहित हैं बल्कि भविष्य को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। भाजपा संगठन के भीतर जयराम ठाकुर को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जो हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर कार्यकर्ता से सीधा संवाद रखते हैं। उनकी ईमानदारी, सरलता और जनता के प्रति समर्पण की भावना ने उन्हें पार्टी और प्रदेश दोनों का प्रिय नेता बना दिया है।

आज भाजपा की ताकत जयराम ठाकुर के नाम से जुड़ चुकी है और कार्यकर्ता यह मान चुके हैं कि आने वाले समय में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला चेहरा सिर्फ जयराम ठाकुर ही हैं।

हमीरपुर की धरती ने इस बार हिमाचल की राजनीति में नया संकेत दे दिया है। अब भाजपा में जनसमर्थन का केंद्र जयराम ठाकुर बन चुके हैं। हमीरपुर में हुए दोनों कार्यक्रमों ने यह साफ कर दिया कि जयराम ठाकुर का कद अब न सिर्फ ऊंचा हुआ है, बल्कि हिमाचल के सर्वमान्य नेता के रूप में उनकी पहचान और मजबूत हुई है। उनकी लोकप्रियता, नेतृत्व क्षमता और जनता से जुड़ाव ने उन्हें भाजपा का असली ध्वजवाहक बना दिया है। राजनीतिक गलियारों में अब एक ही चर्चा है, खेल गए जयराम, क्योंकि अब वे सिर्फ मंडी के नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल के जननेता बन चुके हैं।

## लवी मेला की दूसरी शाम में झूमा रामपुरलोक, कलाकारों ने बिखेरा हिमाचली संस्कृति का रंग




**रामपुर | शिमला**
**समर न्यूज़**

अंतरराष्ट्रीय लवी मेला–2025 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या आज पारंपरिक उल्लास और उत्साह के माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व विधायक नन्द लाल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा, लवी मेला सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि हिमाचली संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। संध्या में बीरबल किन्नौरा, रमना भारती, अनुज शर्मा, डिम्पल ठाकुर और पाल सिंह ने गीत-संगीत से दर्शकों का मन मोह लिया। स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने पारंपरिक नृत्यों, नाट्य रूपांतरणों और लोकगीतों से मंच पर संस्कृति की झलक बिखेरी। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे चार दिवसीय प्रवास कार्यक्रम का दौरा



**समर न्यूज़ | शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 14 से 17 नवंबर तक जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू और चौपाल के दौरे पर रहेंगे। प्रवास के दौरान वे विकास परियोजनाओं का निरीक्षण, उद्घाटन और जनता से संवाद करेंगे। मंत्री 14 नवंबर को जुब्बल में तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 15 नवंबर को झड़ग में पंचायत भवनों का उद्घाटन करेंगे। 16 नवंबर को खद्दर स्कूल में वार्षिक समारोह में छात्र-शिक्षकों को संबोधित करेंगे, जबकि 17 नवंबर को पुडग में स्वास्थ्य केंद्र और सड़क परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

## चंबा में दो गुटों की भिड़ंत से तनाव... पुलिस चौकी के बाहर देर रात तक धरना, 2 घायल




**मनजूर पठान | चंबा**
**समर न्यूज़**

जिले के चामुंडा मार्ग पर पुरानी रंजिश के चलते दो गुटों में झड़प हो गई, जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने चंबा पुलिस चौकी के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन पर कार्रवाई न करने के आरोप लगाए। एएसपी हितेश लखनपाल ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को शांत किया और दोषियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पुलिस ने घटना से जुड़े सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जुटाने शुरू कर दिए हैं। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## हमीरपुर में नशा तस्कर का दुस्साहस, थाना प्रभारी को कुचलने का प्रयास




**समर न्यूज़ | हमीरपुर**

दुगनेहड़ी-नाल्टी सड़क पर लगाए गए नाके के दौरान एक चिट्टा सप्लायर ने पुलिस थाना सदर के प्रभारी कुलवंत राणा पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए आरोपी की गाड़ी के टायर पर गोली चलाकर उसे रोकने का प्रयास किया। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है। उसके खिलाफ पहले से भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ अभियान और कड़ा होगा।

## मेडिकल कॉलेज से 41 डॉक्टरों का तबादला

**मंडी** | बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज से 41 डॉक्टरों के सामूहिक तबादले का कड़ा विरोध किया है।



उन्होंने इसे राज्य सरकार की मंडी और बल्ह विरोधी नीति करार दिया। विधायक ने कहा कि यह फैसला स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर करेगा और सरकार का समान विकास का दावा खोखला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया, तो भाजपा आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

## नवंबर सूखा गुजरने की ओर, दो हफ्तों तक बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं, लाहौल-स्पीति में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे



**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश में नवंबर का महीना इस बार शुष्क रहने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले दो सप्ताह तक राज्य में बारिश या बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है। वैज्ञानिक शोभित कटियार के अनुसार, अब तक केवल 1.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है, जो सामान्य से 83 प्रतिशत कम है।लाहौल-स्पीति में तापमान -4.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जबकि कुकुम सेरी में -2.5 डिग्री दर्ज किया गया। दिन में हल्की गर्म धूप तो मिल रही है, लेकिन रातें काफी ठंडी हो गई हैं। मौसम विभाग का कहना है कि ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान शून्य से नीचे जा सकता है। लगातार सूखा मौसम रबी फसलों पर भी असर डाल सकता है।

## आपदा के बाद डलहौजी व खजियार में पर्यटन सीजन की हुई नई शुरुआत



**मनजूर पठान | चंबा**
**समर न्यूज़**

आपदा से उबरने के बाद डलहौजी और खजियार में पर्यटन सीजन फिर से शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग ने होटल संचालकों, टैक्सी यूनियनों और कारोबारियों को चेतावनी दी है कि वे तय दरों से अधिक वसूली न करें और पर्यटकों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखें। पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित है और विभाग लगातार निगरानी रखेगा ताकि पर्यटक सुविधाजनक अनुभव लेकर लौटें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गांव उखली में 33 केवी लाइन बनी खतरा की वजह, धमाके से जले घरों के उपकरण, ग्रामीणों ने फिर उठाई बिजली लाइन शिफ्ट करने की मांग





**अरविंद | हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

ग्राम पंचायत उखली के बाजार क्षेत्र में घरों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन ने एक बार फिर तबाही मचा दी। देर रात लाइन में शॉर्ट सर्किट से कई घरों के टीवी, फ्रिज, पंखे और अन्य उपकरण जल गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। ग्रामीणों के अनुसार कुछ वर्ष पहले इसी लाइन के कारण एक बच्चे की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड को कई बार लाइन को अन्यत्र स्थानांतरित करने की गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि तुरंत सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

## शिमला रवाना हुआ बाल आश्रम के 13 बच्चों का दल, राज्य स्तरीय आयोजन में दिखाएंगे प्रतिभा



**समर न्यूज़ | हमीरपुर**

राज्य स्तरीय बाल दिवस समारोह में भाग लेने के लिए बाल आश्रम सुजानपुर के 13 बच्चों का दल शिमला रवाना हुआ। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।14 से 16 नवंबर तक चलने वाले समारोह में प्रदेशभर के चाइल्ड केयर संस्थानों के बच्चे खेलकूद, सांस्कृतिक और कला प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। कार्यक्रम

## ऑपरेशन सिंदूर में आईआईटी मंडी की तकनीक का योगदान

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

आईआईटी मंडी की ड्रोन टेक्नोलॉजी ने मई 2025 में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई। निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने दीक्षांत समारोह में बताया कि संस्थान के शोधकर्ता रक्षा क्षेत्र में नवाचार को नई दिशा दे रहे हैं। समारोह में 602 छात्रों को उपाधियां दी गईं, जिनमें 69 पीएच.डी. शोधार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रो. शेखर सी. मांडे मुख्य अतिथि और लेफ्टिनेंट जनरल कंवल जीत सिंह ढिल्लों अध्यक्ष रहे।

• रात होते ही मोहाली के 3बी2 में गे ओर ट्रांसजेंडरों के धंधे की होती है शुरुआत

# निहंग सिखों ने गे, ट्रांसजेंडर को दी चेतावनी, डीआईजी नानक सिंह को मांगपत्र सौंपेंगे

हरजीत मठारू| मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली, शाम को अंधेरा होते ही मोहाली के अलग-अलग स्थानों पर गे और ट्रांसजेंडरो का धंधा शुरू हो जाता है। ज्यादातर 3बी2,जुबली वॉक, 7 फेस, एयरपोर्ट रोड पर रोजाना बड़ी गिनती में गे और ट्रांसजेंडर घूमते दिखाई देते हैं जो की आने-जाने वाले लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। कुछ दिन पहले मोहाली में निहंग बाबा मनिंदर सिंह की टीम की ओर से कुछ ट्रांसजेंडर और गेह को मार्केट में गलत पहनावे और अश्लील हरकतें करते पकड़ा था और वॉर्निंग देकर छोड़ दिया गया था।

समर एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए निहंग सिंह बाबा मनिंदर सिंह ने बताया कि मोहाली शहर का नाम सिखों के साहिबजादा अजीत सिंह नगर के नाम पर रखा गया है मगर यहां पर रोजाना बहुत ही अश्लील और गलत काम होते हैं जिसके कारण शहर वासियों को भी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा सिंह शहीदा सोहाना के पास जुबली में ओर 3बी2 के अलावा मोहाली की अलग-अलग जगह पर ट्रांसजेंडर और गे के अलावा देह व्यापार का धंधा करने वाले सरेआम घूमते हैं और नौजवानों को इशारे करके अपना शिकार बनाते हैं। उनसे पैसे लेकर गलत काम करते हैं। कई बार तो ऐसा भी देखने में आया की ट्रांसजेंडरों ने लड़कों को पहले अपना शिकार बनाया बाद में ब्लैकमेल तक किया इसके बाद मामला पुलिस थाने पहुंचा।

बाबा मनिंदर सिंह ने बताया कि मोहाली में बहुत पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि एक दिन तो एक लड़की ऑटो की वेट कर रही थी और 3बी2 में गेडी मारने वाले लड़कों ने आकर उसको उसका रेट पूछा और साथ जाने के लिए कहा जबकि वह एक अच्छे परिवार की घरेलू लड़की थी। इससे यह साबित होता है कि मोहाली में कोई भी व्यक्ति परिवार के साथ मार्केट जा अकेली लड़की सड़क पर नहीं जा सकती।



▪ ट्रांसजेंडरों ने किया मोहाली का नाम बदनाम

*बाबा मनिंदर सिंह ने कहा कि गे ओर ट्रांसजेंडरों के कारण मोहाली का नाम बदनाम और नौजवान पीढ़ी को गलत मैसेज जा रहा है। उन्होंने कहा कि इनके कारण बच्चों पर बहुत ज्यादा गलत असर पड़ रहा है मनिंदर ने बताया कि मोहाली के गुरुद्वारो के पास रात तक बीड़ी सिगरेट और नशा बेचने वाले खड़े होते हैं जबकि धार्मिक स्थान के पास कोई भी सिगरेट बीड़ी वाला दिखाई नहीं देना चाहिए। कुछ दिन पहले देर रात के समय जुबली वॉक के बाहर कुछ ट्रांसजेंडर छोटे कपड़े डालकर घूम रहे थे और लोगों को इशारे कर रहे थे। मनिंदर सिंह की टीम की ओर से उनको पकड़ा गया और उनको समझा कर वार्निंग देकर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दोबारा धार्मिक स्थान के पास या मोहाली में कहीं भी गलत हरकत करते दिखे तो उनके ऊपर पुलिस के द्वारा बनती कार्रवाई करवाई जाएगी।*



**• डीआईजी नानक सिंह को सौंपेंगे मांगपत्र...**

*बाबा मनिंदर सिंह ने कहा कि गे ओर ट्रांसजेंडरों के अलावा देह व्यापार के धंधे और जो मार्केट में नौजवानों की तरफ से हुल्लड़ बाजी की जाती है। इसके संबंध में डीआईजी डॉ नानक सिंह को लिखित में मांग पत्र भी दिया जाएगा। इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।*



*▸ पुलिस पार्टी की ओर से 3बी2 में गश्त की जाती है। वहां हर समय पीसीआर भी मौजूद रहती है। इसके अलावा जब भी कोई शरारती ट्रांसजेंडर, गे और प्रॉस्टिट्यूट के अलावा कोई भी शिकायत आती है तो उनकी ओर से तुरंत कार्रवाई की जाती है।*

***–थाना मटौर, एसएचओ, अमनदीप कंबोज***

## पांच साल बच्ची का दुष्कर्मी कैदी सेक्टर-32 अस्पताल से पुलिस को धक्का देकर हुआ फरार

हरजीत मठारू| चंडीगढ़
समर न्यूज़

चंडीगढ़, सेक्टर-32 अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया एक कैदी पुलिस की निगरानी से फरार हो गया। फरार कैदी की पहचान सोनू उम्र 29 वर्ष के रूप में हुई है जो पांच साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी था।

जानकारी के अनुसार, कैदी सोनू को लुधियाना सेंट्रल जेल से बीमारी के चलते इलाज के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल लाया गया था। देर रात सोनू ने टॉयलेट जाने का बहाना बनाया और मौके पर तैनात पुलिसकर्मी को धक्का देकर फरार हो गया।



बताया जा रहा है कि वर्ष 2025 में लुधियाना की जिला अदालत ने सोनू को फांसी की सजा सुनाई थी। पुलिस ने तुरंत इलाके में नाकाबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

अधिकारियों ने कहा है कि कैदी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसकी तलाश जारी है।

## रिटायर्ड जनरल डीएस हुड्डा की कार को पुलिस एस्कॉर्ट गाड़ी ने मारी टक्कर, डीएस हुड्डा बोले, यह जानबूझकर किया गया

खुशविंदर धालीवाल| जीरकपुर
समर न्यूज़

पूर्व उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा (सेवानिवृत्त) की कार को जीरकपुर फ्लाईओवर पर एक पुलिस एस्कॉर्ट गाड़ी ने टक्कर मार दी। जनरल हुड्डा का कहना है कि यह कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया कृत्य था। घटना सोमवार दोपहर लगभग चीर बजे की बताई जा रही है, जब जनरल हुड्डा अपनी पत्नी के साथ गाड़ी चला रहे थे। जानकारी के अनुसार, हुड्डा की कार ट्रैफिक के कारण धीमी हुई तो पीछे चल रही पुलिस एस्कॉर्ट जीप ने अचानक लेफ्ट से ओवरटेक किया और दाएं मुड़कर उनकी गाड़ी को आगे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पुलिस वाहन बिना रुके आगे निकल गया।



घटना के बाद जनरल हुड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा यह स्पष्ट रूप से एक जानबूझकर की गई हरकत थी। इसने न केवल हमारी कार को नुकसान पहुंचाया बल्कि एक भीड़-भाड़ वाले इलाके में हमारी सुरक्षा की भी परवाह नहीं की गई। उन्होंने इस मामले पर पंजाब पुलिस और राज्य प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। हुड्डा ने ट्वीट में मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को टैग किया। घटना की चर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई, जहां कई लोगों ने वीआईपी एस्कॉर्ट वाहनों की लापरवाही पर सवाल उठाए। वहीं, पुलिस विभाग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि यह एस्कॉर्ट गाड़ी किसी वीआईपी काफिले का हिस्सा थी जो उसी रास्ते से गुजर रहा था।

## छोटे कारोबारियों के लिए साइबर सुरक्षा जरूरीः तरूण मल्होत्रा

▪ पीएचडीसीसीआई ने रैंप श्रृंखला के अंतर्गत किया सत्र का आयोजन




समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़। उद्योग विभाग चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित की जा रही रैंप श्रृंखला के अंतर्गत पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा अगली पीढ़ी के लिए एमएसएमईःवित्तीय मजबूती, तकनीकी बढ़त और सतत विकास विषय पर सत्र आयोजित किया गया। पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के सह-अध्यक्ष,सुव्रत खन्ना ने स्वागत भाषण में कहा कि भारत के आर्थिक विकास को गति देने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। सत्र के दौरान पीएचडीसीसीआई की क्षेत्रीय साइबर सुरक्षा एवं एआई समिति के संयोजक तरुण मल्होत्रा ने छोटे व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता के बढ़ते महत्व पर विस्तार से बताया। जेएम प्रशिक्षक दीपक शर्मा ने व्यवसाय विस्तार के लिए जेएम का लाभ उठाने के बारे में बताया। एचडीएफसी बैंक की उप-उपाध्यक्ष सुश्री दृभजोत कौर ने बताया कि कैसे यह पहल उद्यमियों को बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने में सहायता करती है। सिडबी, चंडीगढ़ की एजीएम सुश्री पदमप्रीत कौर ने ऋण तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए सिडबी द्वारा प्रस्तुत विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

पीएचडीसीसीआई की क्षेत्रीय एमएसएमई समिति के संयोजक लोकेश जैन ने रैंप श्रृंखला के अंतर्गत निरंतर जुड़ाव, जागरूकता कार्यक्रमों और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से एमएसएमई को समर्थन देने के लिए पीएचडीसीसीआई की प्रतिबद्धता दोहराई।

## हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के डॉक्टरों ने किया जोरदार प्रदर्शन, सरकार को दिया दो दिन की मोहलत

समर न्यूज़ |पंचकूला/हरियाणा



पंचकूला, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की एक्शन कमेटी के आह्वान पर लगभग सौ से अधिक डॉक्टरों ने स्वास्थ्य निदेशालय कार्यालय पंचकूला में एकत्र होकर अपने दो महत्वपूर्ण लंबित मुद्दों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एसोसिएशन ने सरकार को दो दिन का समय देते हुए चेतावनी दी है कि यदि 14 नवंबर शाम तक ठोस समाधान और समय-सीमा प्रस्तुत नहीं की गई, तो डॉक्टर राज्यव्यापी आंदोलन या सामूहिक इस्तीफे जैसे कठोर कदम उठाने पर विवश होंगे। सरकार द्वारा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी की प्रत्यक्ष भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्णय का डॉक्टरों ने कड़ा विरोध किया। एसोसिएशन का कहना है कि तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद की जाए। पिछले वर्ष आंदोलन के बाद सरकार ने यह आश्वासन भी दिया था कि आगे से डायरेक्ट एसएमओ भर्ती नहीं की जाएगी। डॉक्टरों का कहना है कि अब दोबारा यह प्रक्रिया शुरू करना वादाखिलाफी है और इससे डॉक्टरों में गहरा असंतोष है।

एसोसिएशन ने बताया कि मुख्यमंत्री की स्वीकृति और वित्त विभाग की सहमति के बावजूद, संशोधित एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन एसीपी संरचना की अधिसूचना पिछले एक वर्ष से लंबित है।

कई बार निवेदन और स्मरण पत्र देने के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं हुई, जिससे डॉक्टर वर्ग में निराशा और रोष बढ़ रहा है। डॉक्टरों ने डीजीएचएस को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि

## शोरुम की 13 एसी कॉपर तार चोरी, कबाड़ी सहित दो काबू, पुलिस ने सात किलो तांबा किया बरामद

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला, पुलिस की सेक्टर-10 चौकी टीम ने घरों और दुकानों की छतों से एसी की कॉपर वायर चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक कबाड़ी भी शामिल है जो चोरी किए गए तांबे को खरीदकर अपने पास रखता था। सेक्टर-10 चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 नवंबर को पंचकूला निवासी शिकायतकर्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 11 नवंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ने सेक्टर-9 स्थित उसके शोरूम की छत पर लगे सभी 13 एसी की कॉपर वायर चोरी कर ली। इस पर थाना सेक्टर-5 पंचकूला में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी एएसआई अनिल ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी सचिन पुत्र तेजेन्द्र उम्र 28 वर्ष निवासी सूरजपुर पिंजौर को सेक्टर-10 मार्केट के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान सचिन ने चोरी की वारदात कबूल करते हुए बताया कि उसने चोरी की गई कॉपर वायर को कबाड़ी को बेच दिया था।

इसके बाद पुलिस ने कबाड़ी मंगल प्रसाद पुत्र रामचन्द्र निवासी खड़क मंगोली को उसकी दुकान से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एसी पाइप से निकाला गया करीब 7 किलो तांबा बरामद किया है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पंचकूला पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लगातार हो रही कॉपर वायर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने में बड़ी सफलता मिली है।

## पंजाब पुलिस ने 2.5 किलो हेरोइन समेत 77 नशा तस्कर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत राज्य से नशे का पूर्ण उन्मूलन करने के लिए चलाई जा रही "युद्ध नशों विरुद्ध" मुहिम के 257वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 315 स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के बाद राज्यभर में 62 एफआईआर दर्ज करते हुए 77 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही अब तक 257 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 36,386 हो गई है। इन छापों के दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 2.5 किलो हेरोइन, 600 ग्राम अफीम, 25 किलो भुक्की, 110 नशीली गोलियाँ और 1900 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पी. को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। नशे के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। इस ऑपरेशन के दौरान 64 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 900 से अधिक पुलिस कर्मियों की 100 से ज्यादा टीमें राज्यभर में 316 स्थानों पर छापेमारी में शामिल हुईं। दिनभर चले इस अभियान में पुलिस टीमों ने 359 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

**मोहाली निगम के हदबंदी को लेकर पैदा हुई असमंजस की स्थिति**

# मोहाली निगम परिसीमन में छूटे इलाकों के लिए कोर्ट जाएँगे: मेयर

प्रदीप सिंह हैप्पी| मोहाली
समर न्यूज़



मोहाली, शहर में बेशक सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हैं, लेकिन विधायक कुलवंत सिंह मोहाली की ओर से गांवों में रखी जा रही सड़कों के शिलान्यास और उद्घाटन लगातार किए जा रहे हैं। सेक्टर-79 स्थित पार्टी कार्यालय में विभिन्न दलों को छोड़कर बड़े पैमाने पर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं, खासकर महिला ब्रिगेड, जिसे लेकर अन्य दलों के नेता अपने-अपने स्तर पर भविष्य की रणनीति बनाने में जुटे हैं। पंजाब सरकार की ओर से स्थानीय निकाय विभाग द्वारा कल एक अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें मोहाली के परिसीमन से संबंधित कई नए क्षेत्रों को मोहाली निगम के परिसीमन में शामिल किया गया था, जबकि बलौंगी, बड़माजरा, बरियाली, टीडीआई, ग्रीन एन्क्लेव जैसे क्षेत्रों को मोहाली निगम के परिसीमन में शामिल नहीं किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप लोगों की ओर से विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं, जिसके कारण मोहाली हलके की राजनीति का मुख्य मुद्दा केवल मोहाली निगम का परिसीमन बन गया है। प्रत्येक पार्टी के नेता अपनी-अपनी बात रखने और अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं ताकि वे लोगों के बीच अपना वोट बैंक मजबूत रख सकें। मोहाली निगम के मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने इस मामले में बीते दिन स्पष्ट रूप से कहा था कि वे इन क्षेत्रों को मोहाली निगम परिसीमन में शामिल करवाने के लिए कड़ा संघर्ष करेंगे, चाहे इसके लिए उन्हें माननीय अदालत का दरवाजा ही क्यों न खटखटाना पड़े।

### ▪ जिले में कांग्रेस पार्टी एकजुट होगीः कमल किशोर

▸ पंजाब प्रदेश ज़िला कांग्रेस कमेटी मोहाली के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि मोहाली ज़िले में कांग्रेस हाईकमान की नीतियों और कांग्रेस अध्यक्ष के संदेश को घर-घर पहुँचाने का काम किया जाएगा और पार्टी के संगठनात्मक ढाँचे को पहले से ज़्यादा मज़बूत करने के लिए बैठकों का सिलसिला शुरू किया जा रहा है और निस्संदेह वर्ष 2027 में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस कमेटी मोहाली ज़िले में खरड़ मोहाली और डेरा बस्सी से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जीतेंगे, जिससे मोहाली ज़िला विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।



### ▪ हदबंदी को लेकर दोनों पार्टियां कर रही हैं गुमराहः संजीव



▸ भाजपा जिला अध्यक्ष और मोहाली विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा उम्मीदवार संजीव वशिष्ठ ने कहा कि मोहाली में कूड़े के ढेर लगे हैं और मोहाली की सीमा विस्तार, वार्ड विभाजन और वार्ड विभाजन को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस द्वारा जनता को लगातार गुमराह किया जा रहा है, लेकिन मोहाली की जनता यह बात अच्छी तरह जानती है। उन्होंने कहा कि आज मोहाली का हर निवासी अपने क्षेत्र का विकास चाहता है ।

### ▪ मोहाली शहर में जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेरः कवलजीत सिंह रूबी

▸ मोहाली शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे मोहाली के लोगों ने मोहाली शहर की खूबसूरती बिगाड़ दी है। यह बात पूर्व पार्षद एवं शिरोमणि अकाली दल मोहाली शहर के पूर्व अध्यक्ष कवलजीत सिंह रूबी ने कही। रूबी ने कहा कि बाढ़ के दौरान शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रभावित परिवारों को आवश्यक मदद पहुचाने के लिए लगातार काम किया और लोगों की ज़रूरतों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की और पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने उन जगहों पर ज़रूरी सामान की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित की।



### ▪ 8 नवंबर तक आपत्तियां आमंत्रित, कुल आपत्तियां 42

▸ मोहाली निगम की हदबंदी को लेकर 8 नवंबर तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त इन आपत्तियों के संबंध में अब मोहाली निगम आयुक्त परमिंदर पाल सिंह इन आपत्तियों और सुझावों पर अपनी सिफारिशें तैयार कर राज्य के स्थानीय निकाय विभाग के सचिव को भेजेंगे। अंतिम रिपोर्ट से पहले 22 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। मोहाली निगम की हदबंदी को लेकर पंजाब स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी अधिसूचना पर अब तक कुल 42 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें से केवल एक पक्ष ही आपत्ति या सुझाव के रूप में है, जबकि बाकी सभी अलग-अलग रिहायशी इलाकों से विरोध के रूप में सामने आई हैं। सबसे ज़्यादा लगभग 22 आपत्तियां टीडीआई क्षेत्र के निवासियों की हैं, जबकि चार बलौंगी और एक बड़माजरा से प्राप्त हुई है।

## पाँच हज़ार की रिश्वत लेता मोगा का एएसआई विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों गिरफ़्तार


समर न्यूज़ |चंडीगढ़

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी कार्रवाई के तहत आज थाना कोट ईसे खां, जिला मोगा में तैनात एएसआई रघविंदर प्रसाद को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उसे शिकायतकर्ता, निवासी तहसील मलोट, जिला श्री मुक्तसर साहिब से 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि शिकायतकर्ता के रिश्तेदारों के खिलाफ थाना कोट ईसे खां में एक मामला दर्ज था, जिसकी जांच एएसआई रघविंदर प्रसाद कर रहा था। जांच में मदद करने के बदले आरोपी एएसआई ने 20,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। 6 नवंबर 2025 को आरोपी ने शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप कॉल कर ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स, मोगा बुलाया, जहाँ उसने उससे 5000 रुपये रिश्वत के रूप में लिए। शिकायत प्राप्त होने पर एसएएस नगर स्थित विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में एएसआई रघविंदर प्रसाद को शिकायतकर्ता से 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। प्रवक्ता ने आगे बताया कि आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना, एसएएस नगर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# पहले होगी शादी, फिर कॉलेज, और उसके बाद होगा रोमांस तैयार हो जाइए एक देसी कहानी के लिए!

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

आमतौर पर कॉलेज वो जगह होती है जहाँ दोस्ती, क्रश, कैंटीन की मस्ती और देर रात के इज़हार से प्रेम कहानियाँ शुरू होती हैं। लेकिन कलर्स का नया शो 'तू जुलियट जट्ट दी' इस कहानी को पूरी तरह उलट देता है यहाँ पहले शादी होती है, फिर कॉलेज शुरू होता है और उसके बाद प्यार होता है। यह नई पीढ़ी की कैंपस रोमांस कहानी है, जहाँ दो बिलकुल अलग लोग सबसे अप्रत्याशित तरीके से टकराते हैं। चंडीगढ़ प्राइम यूनिवर्सिटी की रौनक भरी पृष्ठभूमि में सेट, यह कहानी केमिस्ट्री, कंफ्यूज़न और चार्म से भरी है जो 'नेवर' को 'फॉरेवर' में बदल देती है। मिलिए नवाब (सैयद रज़ा) से एक अमीर, बेफिक्र जट्ट जो अपनी शर्तों पर जीता है — निडर, स्पॉन्टेनियस और कमिटमेंट से कोसों दूर। हीर (जसमीत कौर) उससे बिल्कुल उलट है — महत्वाकांक्षी, अनुशासित, व्यावहारिक और अपनी माँ के लिए बेहतर भविष्य बनाने को दृढ़ संकल्पित। उसके लिए प्यार कोई प्राथमिकता नहीं है — बल्कि यह उसके प्लान में ही नहीं था। लेकिन हालात कुछ ऐसे बनते हैं कि कॉलेज शुरू होने से पहले ही उनकी शादी हो जाती है! इसके बाद जो सफर शुरू होता है वह भावनाओं, हास्य और अनपेक्षित चिंगारियों से भरा है। क्योंकि कभी-कभी, प्यार भावना से नहीं बल्कि किस्मत से शुरू होता है।



## 'तू जुलियट जट्ट दी' के सितारे चंडीगढ़ में युवाओं से मिले

शो के प्रीमियर से पहले, मुख्य कलाकार – संगीता घोष, जसमीत कौर और सैयद रज़ा – छात्रों के साथ मिलकर युवा प्यार की भावना का जश्न मनाने चंडीगढ़ पहुंचे। कलाकारों ने सेक्टर 17 के अंडरपास में हुए एक दिलचस्प इंटरैक्शन में हिस्सा लिया, जहाँ छात्रों ने अपनी 'नेवर से फॉरएवर' लव स्टोरीज़ साझा कीं, जोश से भरे फ्लैशमॉब में भाग लिया और इम्प्रोम्प्टू जैमिंग सेशन का आनंद लिया। शाम हंसी, संगीत और दिल से की गई बातचीत से भरपूर थी, जब कलाकार फैंस से जुड़े और शो की युवापन से भरी ऊर्जा और रोमांटिक एहसास को ज़िंदा कर दिया।जियोहॉटस्टार के बिजनेस हेड, समीऱ गोगटे कहते हैं, "कलर्स में हम हमेशा ऐसी कहानियाँ लाते हैं जो बोल्ड, रॉ, दिल से जुड़ी और ज़िंदादिल होती हैं — ऐसी कहानियाँ जो हर पीढ़ी के दर्शकों के दिल को छू जाएं। 'तू जुलियट जट्ट दी' इसी भावना का सटीक उदाहरण है। यह आज की युवा पीढ़ी की नब्ज़ को पकड़ते हुए पंजाब की रंगीन संस्कृति में जड़ें जमाए रखती है। यह सिर्फ एक कैंपस रोमांस नहीं है, बल्कि यह हौसले, पहचान, महत्वाकांक्षा और युवा प्रेम का उत्सव है — जो दिखाता है कि आज की पीढ़ी कैसे अपने सपनों, जिम्मेदारियों और रिश्तों के बीच संतुलन बनाती है।"

# जूलियट और जट्ट कह रहे हैं 'नेवर' लेकिन क्या किस्मत उन्हें 'फॉरएवर' बना देगी?



## सरगुन मेहता... "कॉलेज वो जगह है जहाँ पहचान बनती है"

ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट की प्रोड्यूसर सरगुन मेहता कहती हैं, "कॉलेज वो जगह है जहाँ पहचान बनती है — जहाँ आप सीखते हैं कि आप कौन हैं, क्या नहीं बनना चाहते और किसके लिए लड़ना चाहते हैं। 'तू जुलियट जट्ट दी' के ज़रिए हमने एक ऐसे प्यार को दिखाने की कोशिश की है जो असामान्य, असुविधाजनक और बदल देने वाला है। हीर और नवाब एक-दूसरे को पूरा नहीं करते, बल्कि एक-दूसरे को चुनौती देते हैं। यह रोमांस चंडीगढ़ में परवान चढ़ता है — एक ऐसा शहर जिसने मुझे मेरी अपनी यात्रा में बहुत सारा प्यार दिया है। यह प्यार की एक हल्की-फुल्की, मज़ेदार कहानी है जहाँ दुश्मन क्लासमेट बनते हैं, क्लासमेट अनपेक्षित साथी, और हर इम्तिहान एक ऐसा सबक सिखाता है जो किसी किताब में नहीं मिलता।"

नवाब की भूमिका निभा रहे सैयद रज़ा कहते हैं, "आमतौर पर कॉलेज में प्यार की कहानी शुरू होती है — क्रश, कैंटीन की बातें और देर रात के इज़हार से। लेकिन 'तू जुलियट जट्ट दी' इस कहानी को पूरी तरह पलट देता है, और यही इसे अनोखा और अप्रत्याशित बनाता है। नवाब एक ऐसा लड़का है जो अपने ही नियमों से जीता है। उसके लिए कॉलेज मस्ती, आज़ादी और शोहरत का दूसरा नाम था — जब तक कि हीर जैसी पढ़ाकू लड़की उसकी ज़िंदगी में भूचाल नहीं ले आती। यह प्यार उलटी दिशा में चलता है — अप्रत्याशित, सच्चा और बेहद ताज़गीभरा।"

हीर का किरदार निभा रहीं जसमीत कौर कहती हैं, "यह शो जिम्मेदारी और भावना, तर्क और दिल के बीच की खींचतान को खूबसूरती से दिखाता है। ज़िंदगी हमेशा आपकी अनुमति नहीं मांगती — और कभी-कभी उसी उथल-पुथल में कुछ असली मिल जाता है। 'तू जुलियट जट्ट दी' यह दिखाने की कोशिश नहीं करता कि प्यार आसान है या परफेक्ट — और यही इसकी सच्चाई है। हीर एक ऐसी लड़की है जो अपने प्लान और प्रायोरिटीज़ के हिसाब से जीती है; प्यार उसके टाइमटेबल में कभी नहीं था। लेकिन जब वह अचानक नवाब जैसे इंसान — जो आवेगी, अनपेक्षित और उससे बिल्कुल अलग है — की पत्नी बन जाती है, तो उसकी दुनिया उलट-पलट हो जाती है। मुझे उसके किरदार की सबसे प्यारी बात यह लगती है कि वह अपने स्टैंड पर अडिग रहती है — तेज, महत्वाकांक्षी और सच्चाई बोलने से निडर, चाहे वह सच्चाई उसके अपने पति के खिलाफ ही क्यों न हो।" गुलाब का किरदार निभा रहीं संगीता घोष कहती हैं, "मैं गुलाब का रोल निभा रही हूँ — एक ऐसी माँ जिसका प्यार किसी सीमा या ब्रेक को नहीं जानता। वह हर कमरे की केंद्र बिंदु बन जाती है और चाहती है कि हर कोई, यहाँ तक कि उसका बेटा भी, उसी की कक्षा में घूमे। अपने बेटे को हर डांट, असफलता और सख्त सच्चाई से बचाते-बचाते उसका प्यार अब नियंत्रण में बदल गया है। यह किरदार इसलिए रोचक है क्योंकि वह मानती है कि हर चालाकी प्यार से प्रेरित है। जैसे-जैसे नवाब कॉलेज की दुनिया में कदम रखता है, गुलाब का डर और बढ़ता जाता है।

# KKR ने चौथी बार चैंपियन बनने के लिए खेला मास्टरस्ट्रोक, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

स्पोर्ट्स डेस्क, नई दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स ने आगामी आईपीएल 2026 के लिए शेन वॉटसन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया है। वॉटसन के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का अपार अनुभव है और उनके जुड़ने से टीम को चौथी बार खिताब जीतने की उम्मीद है। शेन वॉटसन ने 59 टेस्ट, 190 वनडे और 58 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें 10,000 से ज्यादा रन और 280 से ज्यादा विकेट झटके। वॉटसन ऑस्ट्रेलिया की 2007 और 2015 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे। उन्होंने 12 साल आईपीएल (2008-2020) में बिताए और 145 मैच खेले, जिसमें चार शतक शामिल हैं।

**▪ केकेआर के सीईओ का बयान...**

वॉटसन ने क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कोचिंग और मेंटरशिप में अपनी दूसरी पारी खेली। कोलकाता नाइटराइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने वॉटसन की नियुक्ति पर कहा, 'हम केकेआर परिवार में शेन वॉटसन का स्वागत करने को लेकर उत्साहित हैं। सर्वश्रेष्ठ स्तर पर खिलाड़ी और कोच के रूप में उनके अनुभव से टीम को काफी फायदा मिलेगा। टी20 प्रारूप में उनकी समझ विश्व स्तरीय है और हमारा ध्यान मैदान के अंदर व बाहर उनके योगदान पर है।'



**▪ वॉटसन ने क्या कहा...**

वॉटसन ने केकेआर से जुड़ने पर उत्साह जाहिर करते हुए कहा, 'कोलकाता नाइटराइडर्स जैसी आइकॉनिक फ्रेंचाइजी से जुड़ने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने हमेशा केकेआर प्रशंसकों और टीम के सफल होने के प्रति जुनून को सराहा है। मैं कोचिंग ग्रुप और खिलाड़ियों के साथ करीब से काम करने को उत्साहित हूं ताकि कोलकाता में एक और खिताब ला सके।'

**▪ केकेआर तीन बार बना चैंपियन...**

पता हो कि कोलकाता नाइटराइडर्स ने आईपीएल इतिहास में अब तक तीन बार खिताब अपने नाम किया है। उसने 2012, 2014 और 2024 में आईपीएल खिताब जीते। 2021 सीजन में केकेआर रनर्स-अप रही थी। हेड कोच अभिषेक नायर और सहायक कोच शेन वॉटसन पर केकेआर को चौथी बार आईपीएल चैंपियन बनाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

# IND vs SA: शमी का टेस्ट करियर खत्म! कप्तान गिल ने तारीफ तो की पर झाड़ा पल्ला



समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के काफी लंबे समय से इंटरनेशनल क्रिकेट से बाहर चलने पर कप्तान शुभमन गिल ने चुप्पी तोड़ी है। शमी, जिन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा कुल 24 विकेट लिए थे, वह अपनी इंजरी के बाद से कमबैक करने के लिए काफी संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में इस साल खेला, जिसमें कुल 7 मैचों में उन्होंने 11 विकेट लिए थे। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद उनकी भारतीय टीम में अभी तक वापसी नहीं हुई। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। इस पर कप्तान गिल ने जो कहा वो तेजी से वायरल हो रहा है।

**▪ गिल ने कोलकाता टेस्ट से पहले क्या-क्या कहा?**

दरअसल, भारत और साउथ अफ्रीका (India vs South Africa 1st Test) के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना है। ये सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC 2025-27) के लिहाज से दोनों टीमों के लिए काफी अहम है। जहां भारत ने अपनी पिछली सीरीज में वेस्टइंडीज को 2-0 से हराया था, तो वहीं साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट सीरीज 1-1 से ड्रॉ कराई थी। अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच (IND vs SA) से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कप्तान शुभमन गिल (India Captain Shubman Gill Press Conference) ने टीम कॉम्बिनेशन और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी पर खुलकर बात की। गिल ने कहा कि ये दोनों टेस्ट मैच हमारे लिए बहुत अहम हैं क्योंकि इससे डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह तय होगी। साउथ अफ्रीका बहुत मजबूत टीम है। वे चैम्पियंस हैं। हमने भी मुश्किल समय में अच्छा हैंडल किया है। विकेट भी अच्छी है, एक सामान्य भारतीय विकेट लग रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के बाद तुरंत रेड बॉल क्रिकेट में लौटना मानसिक और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है, लेकिन एक प्रोफेशनल खिलाड़ी के तौर पर आपको खुद को मैनेज करना पड़ता है।

गिल का मानना है कि भारतीय टीम के पास मौजूदा समय कई क्वालिटी ऑलराउंडर्स हैं। गिल ने कहा, हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जो बैटिंग और बॉलिंग दोनों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। वो शानदार ऑलराउंडर हैं और उनके आंकड़े भी उसे साबित करते हैं। यह सीरीज काफी रोमांचक होगी। पिछली सीरीज में साउथ अफ्रीका ने शानदार ऑलराउंडर हैं और उनके आंकड़े भी इसे साबित करते हैं।

**▪ Mohammed Shami की गैरमौजूदगी पर क्या बोले Gill?...**

जब मोहम्मद शमी (Gill on Mohammed Shami) को लेकर गिल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, बता दें कि भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर में कुल 7 टेस्ट मैच खेले है, जिसमें सिर्फ एक ही मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जो कि 25 साल पहले खेला गया मैच था, जिसमें साउथ अफ्रीका ने 2-0 से मैच जीता था। मौजूदा समय में WTC अंक तालिका पर भारत तीसरे पायदान पर 52 अंक और 61.90 प्रतिशत के साथ मौजूद है, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम 12 अंक के साथ पांचवें पायदान पर है। इसका जीत प्रतिशत 50 का है।

# ध्रुव ने कोलकाता टेस्ट से पहले रिशभ संग तुलना पर दिया बयान

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

Dhruv Jurel Rishabh Pant: भारतीय टीम के विकेटकीपर बैटर ध्रुव जुरैल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले ऋषभ पंत संग तुलना पर उठ रहे सवालों पर चुप्पी तोड़ी। ध्रुव ने ये साफ कहा कि उनके और पंत के बीच कोई कॉम्पिटीशन नहीं हैं। दोनों ही प्लेयर्स का सीधा गोल है कि भारत को वह जीत दिलाए। कोलकाता टेस्ट से पहले जुरैल का ये बयान से फैंस का दिल जीत रहा है।

**▪ Dhruv Jurel ने Rishabh Pant संग अपनी तुलना पर क्या कहा?...**

दरअसल, साउथ अफ्रीका (IND vs SA 1st Test) के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले ध्रुव जुरैल (Dhruv Jurel Statement) ने कहा कि मेरे और पंत भाई के बीच में कोई कॉम्पिटीशन नहीं है। हम दोनों ही भारत के लिए खेलते है, जो भी खेलेगा, उसका मकसद ये ही होगा कि टीम इंडिया को जीत दिलाए। अगर मैं खेलता हूं तो मैं खुश हूं, अगर हम दोनों साथ में खेलते हैं तो वह भी बेहतर होगा। हमारा फोकस सिर्फ टीम के लिए खेलना है। 24 साल के ध्रुव जुरैल को पिछले साल ऋषभ पंत (Rishabh Pant) की इंजरी के बाद रेड बॉल फॉर्मेट के लिए उनका रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में चुना था। उनके लगातार शानदार प्रदर्शन ने टीम मैनेजमेंट का दिल जीत लिया। जहां अहमदाबाद में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक जड़ा था। उन्होंने जियो स्टार पर बातचीत करते हुए कहा कि बतौर क्रिकेटर सबसे अच्छी फीलिंग होती है कि आप टीम के लिए कुछ कर रहे हैं और टीम जीत रही है। इसके अलावा जुरैल (Dhruv Jurel) ने कोलकाता टेस्ट से पहले साउथ अफ्रीका से मिलने वाले चैलेंज को लेकर दोनों टीमों के पेस अटैक की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये एक रोमांचक भिड़ंत होने वाली हैं। दोनों ही टीमों के पास तेज अटैकिंग बॉलर्स हैं। फिर रबाडा की बात हो या मार्को जानसेन की या फिर बुमराह की ही बात क्यों न हो, हर किसी में भरपूर क्षमता है।

# इस्लामाबाद बम विस्फोट के बाद एक्शन में PCB, मैचों का बदला वेन्यू... इस मैदान पर खेलेंगे फाइनल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

PCB on Revised Tri Series Schedule: इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तान में होने वाली T20 ट्राई-सीरीज (Pakistan, Sri Lanka और Zimbabwe) के वेन्यू में बदलाव किया गया है। ट्राई सीरीज के सभी मुकाबलें अब रावलपिंडी में खेले जाएंगे।

PCB (Pakistan Cricket Board) ने आज यानी गुरुवार को नई तारीखों की घोषणा की। यह ट्राई-सीरीज तीनों टीमों के लिए अहम मानी जा रही है क्योंकि सभी 2026 में होने वाले T20 World Cup (India & Sri Lanka) की तैयारी में जुटी हैं।

**▪ PCB ने T20 Tri-Series के वेन्यू में किया बदलाव...**

दरअसल, इस्लामाबाद धमाके (Islamabad Bomb Blast) के बाद श्रीलंका टीम के खिलाड़ियों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी और घर लौटने की तैयारियां भी कर ली थी, लेकिन अभी भी टीम पाकिस्तान में ही है और वह वनडे सीरीज खेलेगी, जिसके शेड्यूल में भी



बदलाव किया गया है।

इसके अलावा, आगामी टी20i ट्राई सीरीज के लिए पीसीबी (PCB Revised Schedule T20I Tri Series) ने मैचों का वेन्यू बदल दिया है। बता दें कि अफगानिस्तान ने पहले ही इस सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद जिम्बाब्वे को उनकी जगह शामिल किया गया था। अब बम ब्लास्ट की वजह से पीसीबी ने वेन्यू में बदलाव किया है, जिसमें ट्राई सीरीज का फाइनल समेत सभी मुकाबले रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। हर मैच की शुरुआत शाम 6 बजे से होगी।

**T20I ट्राई सीरीज- वेन्यू में बदलाव (रावलपिंडी स्टेडियम में सभी मैच)**

- 18 नवंबर 2025 – पाकिस्तान बनाम जिम्बाब्वे
- 20 नवंबर 2025 – श्रीलंका बनाम जिम्बाब्वे
- 22 नवंबर 2025 – पाकिस्तान बनाम श्रीलंका
- 23 नवंबर 2025 – पाकिस्तान बनाम जिम्बाब्वे
- 25 नवंबर 2025 – श्रीलंका बनाम जिम्बाब्वे
- 27 नवंबर 2025 – पाकिस्तान बनाम श्रीलंका
- 29 नवंबर 2025 – फाइनल

# आईएसआई के संपर्क में आए बदमाशों ने दिल्ली से पहले लुधियाना में ब्लास्ट कर मचाना था आतंक

**सुनील शिंगार/लुधियाना**
**समर न्यूज़**

दिल्ली ब्लास्ट से पहले लुधियाना में बम ब्लास्ट कर तहलका मचाने की योजना थी। इस योजना को अंजाम देने के लिए आईएसआई सीधे तौर पर काम कर रही थी जिसकी पुष्टि पुलिस के आला अधिकारियों ने भी की। दिल्ली ब्लास्ट के बाद अब लुधियाना ब्लास्ट करने की योजना में गिरफ्तार आरोपियों के लिंक भी खंगाले जा रहे हैं। इस मामले की जानकारी देते हुए लुधियाना के पुलिस कमिश्नर ने बताया कि लुधियाना बम ब्लास्ट की योजना बनाने वाले और इस वारदात को अंजाम देने वाले ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार आरोपियों के साथ कुल 10 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुके हैं। वही पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चार लोग ऐसे हैं जो इस वारदात को अंजाम देने के मास्टरमाइंड है और वह विदेश में बैठे हुए हैं। उन विदेश में बैठे हुए आरोपियों को भी जल्द भारत लाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।



## गिरफ्तार आरोपी नशा तस्करों से बने देशद्रोही...

*इस मामले में जानकारी देते हुए लुधियाना के पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जितने भी आरोपी गिरफ्तार हुए हैं उन सब पर नशा तस्करी के मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में उक्त आरोपी जेल के अंदर ही बड़े बदमाशों के संपर्क में आए जिनके आईएसआई के साथ लिंक है। आईएसआई के साथ लिंक रखने वाले जेल में बंद बदमाशों ने बाहर अपने दोस्तों को इस काम की जिम्मेदारी थी। इसी जिम्मेदारी को निभाते हुए दो बदमाश ग्रेनेड लेकर लुधियाना पहुंचे जिन्होंने भीड़ बढ़ वाले इलाका में ब्लास्ट कर ज्यादा से ज्यादा नुकसान करना था।*

**▪ पहले पूरे शहर की करवा रखी थी रेकी...**

*पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी बीते कई हफ्तों से शहर की रेकी कर रहे थे। इन आरोपियों को उनके सरगना ने आदेश दिया था कि उन इलाका की पहचान की जाए जहां पर ब्लास्ट कर ज्यादा से ज्यादा नुकसान हो। ऐसे में इन लोगों ने जालंधर बाइपास स्थित सब्जी मंडी का इलाका चुना था जहां पर भीड़ ज्यादा रहती है। वही ब्लास्ट उन दिनों किया जाना था जब लुधियाना में प्रवासी मजदूर एक बड़ा त्यौहार मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं। पुलिस अधिकारियों ने उन इलाका के बारे में पुष्टि करने से साफ इनकार किया जहां पर इन आरोपियों ने योजना बनाई हुई थी। कारण बताया गया की सुरक्षा के चलते वह पुष्टि नहीं कर सकते।*

**▪ विदेशी मास्टरमाइंड्स की पहचान...**

*पहला विदेशी मास्टरमाइंड अजय @ अजय मलेशिया है जो मलेशिया में रहता है जबकि स्थायी निवासी श्रीगंगानगर, राजस्थान का है। वहीं जस बेहबल (वर्तमान में मलेशिया में), पवनदीप निवासी मलेशिया जोकि भारत में श्रीगंगानगर, राजस्थान रहने वाला है। ये तीनों विदेश में एक साथ रहते हैं और इनके संपर्क में स्थानीय सहयोगी अमरीक सिंह तथा परमिंदर @ चिरी थे, जो इनके लिए पहले मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल रहे हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि अजय (मलेशिया) का भाई विजय, जो राजस्थान के गंगानगर जेल में एनडीपीएस अधिनियम के तहत वाणिज्यिक (Commercial) मात्रा वाले केस में बंद था, को भी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया क्योंकि उसने आरोपियों के बीच संपर्क स्थापित करने में भूमिका निभाई थी।*

**▪ ग्रेनेड की डिलीवरी में शामिल स्थानीय नेटवर्क का भी खुलासा हुआ...**

*गिरफ्तार आरोपियों से जांच में सामने आया कि इस वारदात को अंजाम देने की योजना में स्थानीय लोगों की ज्यादा भूमिका थी। जिसमें सुखजीत सिंह @ सुख बराड़ निवासी फरीदकोट, सुखविंदर सिंह निवासी फरीदकोट, करणवीर सिंह @ विक्की निवासी श्रीगंगानगर, राजस्थान, साजन कुमार @ संजू निवासी श्री मुक्तसर साहिब। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से एक चीनी हेंड ग्रेनेड नंबर 86P 01-03 632, एक ब्लैक किट, और दस्ताने बरामद किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने कहा कि लुधियाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने देशविरोधी तत्वों की नापाक मंशा को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान-आधारित हैंडलरों से संभावित सीमा-पार संबंधों की जांच अभी जारी है।*

# धर्मेंद्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अरदास

## भाजपा लुधियाना ग्रामीण ने की दीर्घायु की कामना



**समर न्यूज़ | लुधियाना**



भारतीय जनता पार्टी लुधियाना ग्रामीण के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह सनी कैंथ ने बॉलीवुड के महान अभिनेता धर्मेंद्र देओल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष अरदास की। सनी कैंथ ने कहा कि धर्मेंद्र जी केवल फिल्म जगत के सुपरस्टार नहीं, बल्कि पंजाब की मिट्टी के सच्चे पुत्र हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, सादगी और प्यार से हर पीढ़ी का दिल जीता है।उन्होंने कहा कि पूरी पंजाबी कौम उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए दुआ कर रही है और उम्मीद करती है कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने चाहने वालों के बीच आएंगे। सनी कैंथ ने यह भी कहा कि धर्मेंद्र जी ने पंजाबी संस्कृति और भारतीय सिनेमा को जो सम्मान दिलाया है। वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने धर्मेंद्र के परिवार और प्रशंसकों को हौसला देते हुए कहा कि पूरी भाजपा लुधियाना ग्रामीण टीम उनकी अच्छी सेहत और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती है।

# भाई मन्ना सिंह नगर को मिलेगी स्वच्छ जल आपूर्ति, विधायक ने रखी नहर परियोजना के कार्यों की नींव

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



विश्व बैंक से वित्तपोषित नहर आधारित जल आपूर्ति परियोजना के तहत लुधियाना उत्तर से विधायक मदन लाल बग्गा ने गुरुवार को करीब 4 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें भाई मन्ना सिंह नगर में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से ओवरहेड वाटर रिज़र्वायर का निर्माण और करीब 1 करोड़ रुपये की लागत से जल पाइपलाइन बिछाने का कार्य शामिल है।

इस मौके पर पार्षद अमन बग्गा, अराधना अटवाल, सुरिंदर अटवाल, पुष्पिंदर भनोट, नीरज आहूजा, मंजीत सिंह ढिल्लों मोहल्ला निवासी आदि मौजूद रहे।

विधायक बग्गा ने बताया कि परियोजना के तहत गांव बिलगा (साहनेवाल के निकट) में अत्याधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है, जहां से पूरे शहर को शुद्ध सतही पानी की आपूर्ति की जाएगी। करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से जारी यह परियोजना न केवल लोगों को साफ पानी मुहैया कराएगी, बल्कि भूजल संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि लुधियाना उत्तर क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जारी हैं, ताकि क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके।

# देखो स्वच्छता अभियान की सूरतेहाल: खाली प्लॉटों में कूड़े के ढेर, कई बार शिकायत के बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



नगर निगम एक तरफ़ शहर को साफ-सुथरा दिखाने के लिए स्वच्छता अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर कई इलाकों में सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। काराबारा रोड, जस्सियाँ रोड के ऊपर प्रिंगल ग्राउंड के पास शिवपुरी इलाके के खाली प्लॉटों में लंबे समय से कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। आसपास के लोग लगातार निगम को शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन हालात में सुधार नहीं दिख रहा।

**▪ मोहल्ला निवासियों ने कहा...**

मोहल्ला निवासियों ने कहा चन्दर कुमार , सोनू , प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, विपला देवी, विजय बाली, सुनीता रानी का कहना है कि कुछ दिन पहले निगम की टीम आई थी, कुछ ट्रॉली कूड़ा उठाया भी गया, लेकिन दो दिन में फिर से वही हाल हो गया। कूड़े के साथ अब जगह-जगह जलभराव हो गया है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं और डेंगू-मलेरिया फैलने का डर बना हुआ है। स्थानीय रामराज पूत दुकानदार ने बताया, "हमने कई बार निगम ऑफिस में फोन किया, पार्षद को बताया, लेकिन कोई स्थायी हल नहीं हुआ। बरसात में बदबू इतनी बढ़ जाती है कि दुकानें बंद करनी पड़ती हैं।"

**▪ मेयर बोलीं- जोनवार ड्यूटी तय, अब लापरवाही नहीं बर्दाश्त होगी...**

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा, "इन इलाकों में कई बार सफाई करवाई गई है। अब जोनवार मुलाजिमों की ड्यूटी तय कर दी गई है। हर इलाके की जिम्मेदारी फिक्स की गई है। दिन-रात अभियान चलेगा और अगर किसी क्षेत्र में सफाई ढंग से नहीं हुई तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई होगी।"

**▪ कूड़ा फेंकने वालों पर भी होगी सख्ती...**

नगर निगम टीमें लगातार गश्त कर के अधिकारियों के अनुसार, खुले में कूड़ा फेंकने और जलाने वालों पर चालान जारी किए जा रहे हैं।

**▪ लोग बोले- अभियान कागज़ों पर नहीं, ज़मीन पर दिखे...** स्थानीय लोग अब निगम से सिर्फ़ घोषणाओं से आगे बढ़कर ज़मीनी कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्वच्छता अभियान का असर तभी दिखेगा जब सफाई स्थायी रूप से की जाए।

# नई सब्जी मंडी में बनेगा 66 केवी ग्रिड स्टेशन, 30-35 हजार घरों को मिलेगी बिजली आपूर्ति

**दलजीत विक्की /लक्की मेहता**
**लुधियाना | समर न्यूज़**



बहादुर के रोड स्थित नई सब्जी मंडी में जल्द ही 66 केवी का आधुनिक ग्रिड स्टेशन बनाया जाएगा। पावरकाम ने मंडी बोर्ड से 2609 गज जमीन करीब 7 करोड़ रुपये में खरीदी है। इस पर लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से ग्रिड स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

शुक्रवार को विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला और मंडी बोर्ड के चेयरमैन गुरजीत सिंह गिल ने साइट का दौरा किया। उन्होंने बताया कि यह ग्रिड बनने के बाद क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा। करीब 30 से 35 हजार घरों को इससे सुचारू बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। अभी तक इलाके में लो वोल्टेज, ट्रिपिंग और बार-बार बिजली गुल होने की समस्या बनी रहती थी, जिससे स्थानीय निवासी और औद्योगिक इकाइयां परेशान थीं। इस ग्रिड के बनने से न केवल आवासीय क्षेत्रों बल्कि आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों को भी स्थायी बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। विधायक भोला ग्रेवाल ने बताया कि ग्रिड निर्माण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। उन्होंने सचिव को निर्देश दिए हैं कि अवैध फड़ियां हटाकर जगह की सफाई जल्द करवाई जाए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

इस मौके पर एक्सईएन जगमोहन सिंह और सचिव हरिंदर सिंह गिल भी मौजूद थे।

# हार्डवेयर कारोबारी ने मैट्रेस कारोबारी के साथ मिल पार्टनर से मारी ठगी

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



हैबोवाल कलां के चंदर नगर स्थित गुरुद्वारा भूरी वाला साहिब के पास दो पार्टनर्स ने मिलकर पहले बजरंग हार्डवेयर एंड प्लाईवुड नाम से फर्म खोली। लेकिन फिर दोनों अलग हो गए। इस दौरान एक पार्टनर ने अपने मैट्रेस कारोबारी दोस्त के साथ दूसरे पार्टनर के साथ 36 लाख रुपए की ठगी मार ली। यहीं नहीं इसके बाद उक्त दोनों पर मिलकर अष्टाम का गलत इस्तेमाल करके कोर्ट केस दायर करने के भी आरोप लगे हैं। जिस संबंध में पीड़ित द्वारा पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक्शन लिया। थाना हैबोवाल की पुलिस ने हैबोवाल के संतोष नगर के रहने वाले नवेंदु जैन की शिकायत पर राम नगर के हर्ष जैन और न्यू टैगोर नगर के गगन चावला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी गगन चावला गुरुद्वारा भूरी वाला साहिब के पास मौजूद चावला फोम का मालिक है।

# रेलवे स्टेशनों पर एटीवीएम से जनरल टिकट लेना हुआ आसान

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

रेलवे स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर पर यात्रियों को लंबी लाइनों से बचाने के लिए रेल अधिकारियों की तरह से ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) को प्राथमिकता दी जा रही है। इन मशीनों के तहत जनरल टिकट सहित प्लेटफॉर्म टिकट को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कंप्यूटर से आधारित यह मशीन फिरोजपुर मंडल के आधा दर्जन से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर लगाई जा चुकी है जिसका कई यात्री फायदा भी उठा रहे हैं। इस बारे में फिरोजपुर मंडल के सीनियर डीसीएम परमदीप सिंह सैनी ने यात्रियों से अपील की है कि वह लोग ज्यादा से ज्यादा इस मशीन का उपयोग करें। इस मशीन का उपयोग करने से जहां पर टिकट लेने में यात्रियों की समय की बचत होगी तो कैशलेस लेनदेन की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह डिजिटल इंडिया की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

मौजूदा समय में फिरोजपुर मंडल में यह मशीन लुधियाना रेलवे स्टेशन सहित अमृतसर, जालंधर सिटी, जालंधर कैंट, फिरोजपुर कैंट, फगवाड़ा, व्यास, ढंडारी कला रेलवे स्टेशनों पर लगाई जा चुकी है। बीते दिनों छठ पूजा के चलते चलाई गई स्पेशल ट्रेनों के तहत लुधियाना रेलवे स्टेशन पर इन मशीनों की गिनती लगभग 10 की गई थी जबकि पूरे मंडल में इन मशीनों की संख्या दो दर्जन से भी ज्यादा बताई जा रही है। त्योहारों के सीजन में रेल की जनरल टिकट लेने के लिए हजारों की गिनती में यात्रियों ने इस मशीन का फायदा भी उठाया। टच स्क्रीन से चलने वाली यह मशीन यात्री खुद भी चला सकते हैं जबकि इसको चलाने के लिए रेल के ही रिटायर कर्मचारी भी वहां पर मौजूद रहते हैं जो कि यात्रियों को इस मशीन को चलाने में सहायता भी करते हैं। रेल अधिकारियों की इस पहल की यात्रियों द्वारा काफी चर्चा भी रही।



-लक्की भट्टी

# स्कूलों-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू, जर्दा व सिगरेट बेचने वालें के खिलाफ पुलिस की स्पेशल मुहिम

**सुनील शिंगार/लुधियाना**
**समर न्यूज़**



स्कूल और कॉलेज के पास तंबाकू, जर्दा और सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों पर पुलिस सख्त हुई। इसी के चलते वीरवार को पुलिस ने एक सर्च अभियान शुरू किया। इस सर्च अभियान के दौरान उन दुकानदारों को चेतावनी दी गई जो कि स्कूल व कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू, जर्दा या सिगरेट बेच रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसा किया जाना गैरकानूनी है। उन्होंने बताया कि ऐसे दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि वह अपनी हरकतों से बाज आए। ऐसे दुकानदार फिर भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए तो उन पर बनती कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वीरवार को दुगरी इलाका में यह सर्च अभियान चलाया। इस सर्च अभियान में उन दुकानदारों व खोखा (पान व सिगरेट बेचने वाले) संचालकों पर छापामारी की गई जो कि स्कूलों व कॉलेज के काफी नजदीक थे। ऐसे दुकानदारों को पुलिस ने चेतावनी दी कि वह स्कूलों के आसपास तंबाकू जर्दा या सिगरेट ना बेचें। वही इस मामले में एडीसीपी करणवीर सिंह ने बताया कि स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू, जर्दा व सिगरेट बेचना गैर कानून है। वहीं उन्होंने बताया कि उन्होंने अलग-अलग पुलिस पार्टियों बनाकर सिगरेट, जर्दा तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों को स्पष्ट किया कि वह अगर 17 साल से काम की उम्र के बच्चों को नशीला पदार्थ बेचते हुए पकड़े जाते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत आने वाले दिनों में सिविल वर्दी में स्कूलों में कॉलेज के पास स्थित तंबाकू में जर्दा बेचने वाले दुकानों के पास पुलिस मौजूद रहेगी। अगर यह दुकानदार कानून तोड़ते पकड़े जाते हैं तो उनको मौके पर ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# ड्यूटी में लापरवाही पर एक्शन: नगर निगम ने ड्राफ्ट्समैन कम-बिल्डिंग इंस्पेक्टर रविंदर को किया निलंबित

**लक्की मेहता/लुधियाना**
**समर न्यूज़**

नगर निगम लुधियाना ने अपने ड्राफ्ट्समैन-कम-बिल्डिंग इंस्पेक्टर रविंदर वालिया को ड्यूटी में लापरवाही बरतने और अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों पर कार्रवाई न करने के आरोप में निलंबित कर दिया है। निगम कमिश्नर कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि वालिया ने बार-बार निर्देश मिलने के बावजूद अपने अधीन क्षेत्रों में हो रहे कई अनधिकृत निर्माणों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसे ड्यूटी में कोताही और अनुशासनहीनता माना गया है।

निगम कमिश्नर आदित्य डेचवाल के हस्ताक्षर से जारी आदेश में बताया गया कि शहर के कुछ इलाकों में तेजी से बढ़ रहे अवैध निर्माणों की शिकायतों के बाद मामले की समीक्षा की गई, जिसमें संबंधित अधिकारी की लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई।कमिश्नर ने कहा कि रविंदर वालिया के खिलाफ लंबे समय से काम में ढिलाई और शिकायतें मिल रही थीं, इसलिए विभागीय कार्रवाई जरूरी थी। उन्होंने कहा कि फील्ड ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोई भी अधिकारी अगर अवैध निर्माण करवाने वालों को संरक्षण देता है या कार्रवाई से बचता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएंगे। निगम ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत निर्माणों को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और हर अधिकारी को जवाबदेह ठहराया जाएगा। निगम की यह कार्रवाई बिल्डिंग ब्रांच के अन्य कर्मचारियों के लिए भी एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है। सभी फील्ड स्टाफ को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर कड़ी निगरानी रखने और समय पर रिपोर्ट देने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 69